卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं, यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां, नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं, जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केंद्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 26 ♦अंक 69 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर (ऊधमसिंहनगर) ♦सोमवार ♦15 दिसम्बर 2025 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

## खाई में गिरी थार, पांच घायल

ऋषिकेश। जनपद टिहरी गढ़वाल के ब्यासी क्षेत्र में देर रात एक एक थार वाहन अनियंत्रित होकर सड़क से लगभग 70 मीटर गहरी खाई में गिर गया। हादसे की जानकारी मिलने के तुरंत बाद एसडीआरएफ टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए वाहन में सवार पांच घायलों को सुरक्षित बाहर निकाला। पुलिस चौकी ब्यासी के अनुसार, हादसा सोमवार मध्यरात्रि लगभग डेढ़ बजे हुआ। घटनास्थल पर पहुंचते ही एसडीआरएफ पोस्ट ब्यासी की टीम, सब-इंस्पेक्टर सुरेंद्र सिंह के नेतृत्व में आवश्यक रेस्क्यू उपकरणों के साथ सक्रिय हो गई। टीम ने कठिन परिस्थितियों में रेस्क्यू अभियान चलाया और सभी घायलों को खाई से बाहर निकालने में सफलता हासिल की। इसके बाद प्राथमिक उपचार के लिए घायलों को स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया और गंभीर स्थिति वाले घायलों को हायर सेंटर रेफर किया गया। इस हादसे में सोहिल (32 वर्ष) पुत्र ओम सिंह निवासी दिल्ली, रोहित गुप्ता (28 वर्ष) पुत्र आदेश गुप्ता निवासी साहिबाबाद, आशीषपाल (28 वर्ष) पुत्र श्यामू निवासी गाजियाबाद, विकाश कुमार (26 वर्ष) पुत्र रघुराज निवासी साहिबाबाद और भास्कर कुमार (27 वर्ष) पुत्र राजेंद्र सिंह निवासी साहिबा बाद आदि घायल हुए हैं। घायलों का उपचार (शेष पृष्ठ सात पर)




## मुख्यमंत्री धामी ने श्री तिरुपति बालाजी धाम में की पूजा अर्चना

तिरुमाला(उद ब्यूरो)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आंध्र प्रदेश के तिरुमाला पर्वत पर स्थित विश्वविख्यात भगवान श्री तिरुपति बालाजी के पावन धाम में पहुंचकर श्री वेंकटेश्वर प्रभु के दर्शन किए और विधिवत पूजा-अर्चना की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने उत्तराखंड प्रदेश की निरंतर खुशहाली, राज्य में शांति, सौहार्द और अमन-चैन बनाए रखने के साथ ही प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि और मंगलमय जीवन की कामना की। मुख्यमंत्री धामी ने भगवान श्री वेंकटेश्वर से प्रार्थना की कि उत्तराखंड का प्रत्येक नागरिक स्वस्थ, सुरक्षित और संतुष्ट जीवन व्यतीत करे तथा प्रदेश विकास, सुशासन और सामाजिक सद्भाव के मार्ग पर निरंतर आगे बढ़ता रहे। उन्होंने कहा कि आध्यात्मिक (शेष पृष्ठ सात पर)



## सड़क हादसे में एक की मौत

किच्छा।रविवार की रात दर्दनाक सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गयी। सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम की कार्यवाही की। जानकारी के अनुसार 64 वर्षीय नेम चंद निवासी वार्ड नंबर 1, चुटकी देवरिया, लालपुर किच्छा चीनी मिल में कार्यरत थे। रविवार रात वह अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान शर्मा ढाबा के पास वे अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि हादसे के तुरंत बाद आसपास के लोग नेम चंद को स्थानीय सरदार वल्लभभाई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। चिकित्सकों ने उनकी गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया, (शेष पृष्ठ सात पर)

## राजकुमार ठुकराल के समर्थक पर झोंका फायर

### हमले के खिलाफ रम्पुरा चौकी में देर रात तक धरने पर बैठे ठुकराल

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। रविवार रात रम्पुरा में पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल के समर्थक राजू गुप्ता और उसकी मां पर दो लोगों ने जानलेवा हमला कर उन्हें घायल कर दिया। आरोप है कि हमलावरों ने फायर भी झोंका। फायर मिस होने के बाद उन्होंने तमंचे की बट से युवक का सिर फोड़ दिया और उसकी मां के साथ भी हाथापाई की। घटना के बाद आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर देर रात तक पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल रम्पुरा चौकी में धरने पर बैठे रहे। जानकारी के मुताबिक रम्पुरा वार्ड नं. 21 निवासी राजू गुप्ता पुत्र बृजपाल गुप्ता पर बीती रात रम्पुरा में दो लोगों ने पुरानी रंजिश के चलते हमला कर दिया। घटना की जानकारी मिलने पर पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल मौके पर पहुंचे और उसके बाद कार्रवाई की मांग को लेकर रम्पुरा चौकी में धरने पर बैठ गये। इस दौरान पीड़ित राजू गुप्ता की ओर से कोतवाली में तहरीर भी दी गयी। तहरीर में राजू गुप्ता ने कहा कि रात करीब 10.15 बजे वह दुकान बंद कर रहा था इसी दौरान रम्पुरा का ही शिवम अपने एक साथी को लेकर स्कूटी से वहां पहुंचा और गाली गलौच करते हुए रंजिशन उस पर हमला कर दिया। आरोप है कि तमंचे से फायर किया गया लेकिन फायर मिस हो गया इसके बाद हमलावरों ने तमंचे से सिर पर वार कर दिया। बीच बचाव करने आयी उसकी मां उर्मिला गुप्ता के साथ भी मारपीट की गयी। पीड़ित ने बताया कि जान बचाकर वह घर में घुस गया तो हमलावर गाली गलौच करते हुए गेट पर जोर जोर से मारने (शेष पृष्ठ सात पर)



**अन्तिम अरदास**



बड़े दु:ख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारी पूज्यनीय माताजी **श्रीमती भागवन्ती देवी जी पत्नी स्व. श्री गुरदित्ता मल अरोरा** का ऑकस्मिक निधन दिनांक 9.12.2025 को हो गया है, उनकी आत्मिक शांति के लिए **अंतिम अरदास दिनांक 16 दिसंबर 2025** दिन मंगलवार को प्रात: 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा गोल मार्केट रुद्रपुर में होगी।

**शोकाकुल परिवार**

बलवंत अरोरा-पमिता(पुत्र-पुत्रवधु)
**पूर्व अध्यक्ष व्यापार मण्डल,रूद्रपुर**
कृष्ण कुमार अरोरा-अंजू (पुत्र-पुत्रवधु)
हरीश कुमार अरोरा-सोनिया (पुत्र-पुत्रवधु)
**पूर्व महामंत्री,व्यापार मण्डल,रूद्रपुर**
आशीष अरोरा -शिल्पी(पुत्र-पुत्रवधु)
संतोष-विजय सेतिया (पुत्री-दामाद)
प्रेमा-स्व. भारत भूषण टण्डन(पुत्री-दामाद)
नीलम-स्व. गजेन्द्र कालड़ा(पुत्री-दामाद)
मनीष अरोरा-स्मिरन(पौत्र-पौत्रवधु)
अमित अरोरा-मेघा(पौत्र-पौत्रवधु)
अंकुश,साहिल(पौत्र) आर्यमन(परपौत्र)

मो0-7983607029,9837062253,9837056082,9897072900

## सरदार वल्लभभाई पटेल को भावपूर्ण श्रद्धांजलि

देहरादून(उद संवाददाता)। अखंड भारत के शिल्पकार, महान स्वतंत्रता सेनानी और 'भारत रत्न' लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की पुण्यतिथि पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्यमंत्री आवास में उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सरदार पटेल ने अपने दूरदर्शी नेतृत्व, राष्ट्रनिष्ठ दृष्टिकोण और अदम्य साहस के बल पर देश की अनेक रियासतों का एकीकरण कर अखंड और सशक्त भारत की नींव रखी।(शेष पृष्ठ सात पर)



## घर से बाईक और नगदी चोरी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आज तड़के गंगापुर मार्ग पर स्थित कृष्णा ग्रीन कालोनी की गली नम्बर दो में अज्ञात चोरों ने छत के रास्ते घर में प्रवेश कर दो मंजिल पर सो रहे गृहस्वामी की पेंट से मोबाईल व हजारों की नगदी निकालने के बाद नीचे उतरकर घर के भीतर खड़ी मोटर साईकिल चोरी कर ली और फरार हो गये। प्रात: घटना की जानकारी मिलने पर गृहस्वामी ने मामले की सूचना पुलिस को दी। जिसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया। जानकारी के अनुसार गंगापुर मार्ग पर कृष्णा ग्रीन कालोनी की गली नम्बर दो में मजदूरी का काम करने (शेष पृष्ठ सात पर)



## तुषार हत्याकांड: पुलिस कार्रवाई से संतुष्ट नहीं परिजन

खटीमा(उद संवाददाता)। तुषार हत्याकांड को लेकर पुलिस द्वारा की गई त्वरित कार्रवाई को प्रशासन जहां कानून-व्यवस्था की दिशा में अहम कदम मान रहा है, वहीं मृतक के परिजनों की पीड़ा और आशंकाएं अब भी कम होती नहीं दिख रही हैं। आरोपी की गिरफ्तारी और मुठभेड़ की सूचना सामने आने के बाद यह स्पष्ट हो गया कि मामला केवल कानूनी कार्रवाई तक सीमित नहीं है, बल्कि इससे जुड़ी सामाजिक संवेदनाएं और भरोसे का सवाल भी उतना ही अहम बन गया है। पुलिस मुठभेड़ में एक आरोपी के पकड़े जाने की खबर रविवार सुबह जैसे ही सामने आई, मृतक के घर के आसपास लोगों का जमावड़ा लगने लगा। परिजनों और स्थानीय नागरिकों का कहना है कि केवल एक आरोपी की गिरफ्तारी से उन्हें न्याय की पूरी उम्मीद नहीं दिखाई देती। मृतक के पिता मनोज शर्मा ने खुले तौर पर कहा कि वह मौजूदा कार्रवाई से संतुष्ट नहीं हैं। उनका मानना है कि यदि आरोपी भविष्य में जमानत पर बाहर आ गया, तो न केवल पीड़ित परिवार की सुरक्षा पर सवाल उठेंगे, बल्कि समाज में अपराधियों के हौसले भी बढ़ सकते हैं। मृतक की पत्नी ने भी इसी तरह की आशंका व्यक्त करते हुए पुलिस से कठोर और निर्णायक कार्रवाई की मांग की। इस असंतोष के चलते कुछ समय के लिए हालात तनावपूर्ण हो गए। परिजन और उनके समर्थक बाजार बंद कराने की मंशा से सड़कों पर उतर आए, जिससे क्षेत्र में असहज स्थिति बन गई। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने तुरंत अतिरिक्त बल तैनात किया। वरिष्ठ अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर लोगों से संवाद किया और भरोसा दिलाया कि मामले में किसी भी स्तर पर ढिलाई नहीं बरती जाएगी। इसके बाद धीरे-धीरे हालात काबू में आए और बाजार क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था और कड़ी कर दी गई। पुलिस प्रशासन के अनुसार, एसएसपी के निर्देश पर गठित विशेष टीम लगातार आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है। इसी क्रम में शनिवार देर रात शमशान घाट के समीप स्थित एक ईंट भट्ठे के पास घेराबंदी कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया। पुलिस का कहना है कि आरोपी के आपराधिक इतिहास की भी गहन जांच की जा रही है और हत्याकांड में शामिल अन्य लोगों की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही है। वहीं दूसरी ओर, आरोपी की गिरफ्तारी के बाद भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने पुलिस की कार्रवाई को प्रभावी बताते हुए उसका समर्थन किया। नगर पालिका अध्यक्ष के नेतृत्व में भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने पुलिस अधिकारियों से मुलाकात कर शेष आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी और कठोर कार्रवाई की मांग की। भाजपा नेताओं ने पीड़ित परिवार से भेंट कर उन्हें हरसंभव सहयोग का भरोसा भी दिलाया।पुलिस अधिकारियों का कहना है कि हत्याकांड का जल्द ही पूरा खुलासा किया जाएगा और इसमें शामिल सभी आरोपियों को कानून के दायरे में लाया जाएगा।



# विचारधारा में दृढ़ और व्यवहार में सरल थे कामरेड राजा बहुगुणा: दीपंकर

## भाकपा ( माले ) ने नगर निगम सभागार में आयोजित की स्मृति सभा

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।नगर निगम सभागार में भाकपा (माले) द्वारा कामरेड राजा बहुगुणा की स्मृति में एक भावपूर्ण स्मृति सभा का आयोजन किया गया। सभा को पार्टी के महासचिव कॉमरेड दीपांकर भट्टाचार्य समेत कई राजनीतिक सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने संबोधित किया।गौरतलब है कि भाकपा (माले) के केंद्रीय कंट्रोल कमीशन के चेयरमैन रहे कामरेड राजा बहुगुणा का 28 नवंबर को कैंसर जैसी गंभीर बीमारी के कारण निधन हो गया था। उनके निधन से उत्तराखंड ही नहीं, बल्कि देशभर की जनवादी और आंदोलनकारी ताकतों को अपूरणीय क्षति हुई है।सभा को संबोधित करते हुए कॉमरेड दीपांकर भट्टाचार्य ने कहा कि कामरेड राजा बहुगुणा उत्तराखंड के जन आंदोलनों की एक अत्यंत महत्वपूर्ण कड़ी थे। वे अपने विचारों में अडिग और व्यवहार में अत्यंत विनम्र थे। उन्होंने न केवल कम्युनिस्ट धाराओं के बीच, बल्कि सभी जनपक्षधर विचारधाराओं के बीच एकता और समन्वय स्थापित करने का कार्य किया। वे जनवादी शक्तियों के बीच एक मजबूत "पुल" के रूप में सदैव याद किए जाएंगे।उन्होंने कहा कि गंभीर बीमारी से जूझते हुए भी कामरेड राजा लगातार देश के राजनीतिक और सामाजिक हालात पर नजर बनाए हुए थे और साथियों को मार्गदर्शन देते रहे। उत्तराखंड में नशा मुक्ति आंदोलन, चिपको वन आंदोलन तथा राज्य आंदोलन में उनकी अग्रणी भूमिका रही। कॉमरेड दीपांकर ने कहा कि आज जब फासीवादी ताकतों का खतरा लगातार बढ़ रहा है, ऐसे कठिन समय में कामरेड राजा बहुगुणा का जाना आंदोलनकारी शक्तियों के लिए एक बड़ी क्षति है।



उन्होंने यह भी कहा कि कामरेड राजा द्वारा देखे गए शोषणमुक्त समाज के सपने को साकार करना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि होगी। राजा बहुगुणा की जीवन साथी रेखा ने कहा कि, उन्होंने मेरी जीवन के प्रति संपूर्ण नजरिए को बदलने का काम किया. हम उनकी विरासत को आगे बढ़ाने का काम करेंगे।उक्रांद के वरिष्ठ नेता काशी सिंह ऐरी ने कहा कि, राजा बहुगुणा ने सभी जनवादी ताकतों को एकजुट करने का आह्वान किया था जिस पर आज गंभीरता से विचार करने और अमल करने की जरूरत है।उप्र से पहुंची वरिष्ठ माले नेता कृष्णा अधिकारी ने कहा कि, राजा भाई के नेतृत्व में महतोस मोड़ कांड में हम शामिल रहे। उन्होंने महिलाओं को सम्मान और गरिमा से जीने के लिए लड़ना सिखाया।पी सी तिवारी ने उनके साथ नशा नहीं रोजगार दो, वन आंदोलन के दौरान उनके साथ के संघर्ष के दौर को याद किया. साथ ही आज के फासीवादी दौर में उनके विचारों को अहम बताया। स्मृति सभा में उक्रांद के वरिष्ठ नेता काशी सिंह ऐरी, सीपीआई के राज्य सचिव जगदीश कुलियाल, सीपीआई (एम) के राज्य सचिव राजेन्द्र पुरोहित, जसम के राष्ट्रीय अध्यक्ष जहूर आलम, कृष्णा अधिकारी, पी सी तिवारी, प्रो उमा भट्ट, प्रभात ध्यानी, मुनीश कुमार, पोलित ब्यूरो सदस्य संजय शर्मा, किसान महासभा के राष्ट्रीय सचिव पुरुषोत्तम शर्मा , गिरजा पाठक, वरिष्ठ कम्युनिस्ट नेता बहादुर सिंह जंगी, प्रभात कुमार, जनकवि बल्ली सिंह चीमा, ऐक्टू प्रदेश महामंत्री के के बोरा, आशा यूनियन की अध्यक्ष कमला कुंजवाल, रीता कश्यप, तरुण जोशी, इतिहासकार प्रो अजय रावत, हाईकोर्ट बार अध्यक्ष दुर्गा सिंह मेहता, एडवोकेट कैलाश जोशी, संजय बघरवाल, रविन्द्र पटवाल, रमेश कृषक , गोविंद कफलिया, मदनमोहन चमोली, प्रो प्रभात उप्रेती, अतुल सती, किसान महासभा के प्रदेश अध्यक्ष आनंद सिंह नेगी, जिला अध्यक्ष भुवन जोशी, वरिष्ठ पत्रकार जगमोहन रौतेला, हरीश पंत, कथाकार नवीन जोशी, बसंती पाठक, उमेश तिवारी विश्वास, चंद्रशेखर भट्ट, प्रकाश फुलोरिया, नफीस अहमद खान, बीएल आर्य, आनंद सिजवाली, रिंकी जोशी, किशन बघरी, अमनदीप कौर, ज्ञानी सुरेंद्र सिंह, ममता पानू, विश्वास, हरीश जोशी, अचिंतो मंडल, डॉ उर्मिला, मीना भट्ट, विमला, हेमा, परवेज, हेमा आर्य, केएन शर्मा, चन्दन सिंह मटियाली, हरक सिंह बिष्ट, दौलत सिंह, दीवान सिंह, सुनीता, जीआर टम्टा, गोविंद कफलिया, एडवोकेट राम सिंह बसेडा, रवीन्द्र गड़िया, विक्रम मावडी, राजेन्द्र सिंह राजा, जगदेव सिंह, जागीर सिंह, भास्कर उप्रेती, फिरोज, विमला रौथाण, निर्मला शाही, आकाश भारती, धीरज कुमार, सुमित, गोविंद जीना, दर्शन सिंह, कमल जोशी, हरीश भंडारी, एश डी जोशी राजनीतिक दलों और जन संगठनों के सैकड़ों प्रतिनिधियों ने भाग लिया और कामरेड राजा बहुगुणा के अधूरे सपनों को पूरा करने का संकल्प लिया।स्मृति सभा की अध्यक्षता भाकपा माले के राज्य सचिव इंद्रेश मैखुरी व संचालन भाकपा माले के जिला सचिव डा. कैलाश पाण्डेय ने किया।

# पिता-दादा की वर्दी देख जागा सेना में जाने का जुनून







देहरादून।आईएमए की पासिंग आउट परेड में लेफ्टिनेंट बने आर्यन शर्मा का सपना पहले पायलट बनने का था। बचपन से पिता और दादा को सेना की वर्दी में देखा तो जब समझदार हुए तो खुद को भी वर्दी में देखने का जुनून जागा। इसकी तैयारी शुरू की और कड़ी मेहनत कर सेना की वर्दी हासिल की। मूल रूप से देहरादून निवासी आर्यन शर्मा ने सेना में लेफ्टिनेंट बन परिवार का भी मान बढ़ाया। उनके परिवार की तीन पीढिघ्यों ने सेना में अपना अदम्य साहस दिखाया है। उनके परदादा दिवंगत सूबेदार मेजर सीएल शर्मा 11 गोरखा रेजिमेंट में थे। उनके दादा आरके शर्मा असम रेजिमेंट में थे जो अब सेवानिवृत्त हो चुके हैं। आर्यन शर्मा के पिता कर्नल अभिनव शर्मा सेना में हैं जो फिलहाल पंचकुला में तैनात हैं। आर्यन शर्मा की शिक्षा भी जहां उनके पिता की तैनाती रही वहीं से हुई है। दादा आरके शर्मा बताते हैं कि आर्यन को पहले पायलट बनना था लेकिन बड़ों को देख सेना में जाने का जुनून चढ़ा। इसके बाद से ही उसने इसकी जिद पकड़ी। **दादा ने लड़ी चीन के साथ लड़ाई, अब पोता बना लेफ्टिनेंट :** कानपुर के एचएस रीन शनिवार को लेफ्टिनेंट बन गए। सैन्य अफसर बनने वाले वह अपने परिवार तीसरे अफसर और पांचवें फौजी हैं। उनके परदादा और दादा फौज में देश सेवा कर चुके हैं। दादा ने यूएस राणा भारत-चीन युद्ध में भा ले चुके हैं। एचएस रीन के पिता भी सैन्य अधिकारी हैं। उन्होंने कहा कि आज से ठीक 25 साल पहले नौ दिसंबर 2000 में वह भारतीय सेना में भर्ती हुए और आज उनका बेटा भी फौज में लेफ्टिनेंट बन गया है। देश सेवा में हमारी यह चौथी पीढ़ी है। अच्छी बात है कि मुझे आज से 25 साल पहले जो युनिट मिली थी वही आज मिली है। एचएस रीन ने कहा कि उनको पारिवारिक परिवेश फौज का मिला है। ऐसे में उनका लक्ष्य भी शुरू से निर्धारित था। इसी तर्ज पर तैयारी की गई और उनको यह मौका मिला है। **नेत्रपाल सिंह गुसाईं सेना में अफसर बने :** चमोली जिले के नारायणबगड़ ब्लाक के नाखोली गांव निवासी नेत्रपाल सिंह गुसाईं सेना में अफसर बने। देहरादून स्थित भारतीय सैन्य अकादमी (आइएमए) से पास आउट होकर वह लेफ्टिनेंट बने, जिस पर पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर है। पासिंग आउट परेड



(पीओपी) में उनके माता-पिता, दादा एवं अन्य स्वजन मौजूद रहे। बेटे को सैन्य अधिकारी के रूप में कदमताल करते देखना परिवार के लिए गर्व और भावुक क्षण रहा। लेफ्टिनेंट नेत्रपाल सिंह गुसाईं की प्रारंभिक शिक्षा नारायणबगड़ में हुई, जबकि इंटर की पढ़ाई उन्होंने मुजफ्फरनगर (उत्तर प्रदेश) से पूरी की। उनके पिता दलीप सिंह गुसाईं मुजफ्फरनगर के सरकारी अस्पताल में फार्मासिस्ट के पद पर कार्यरत हैं, जबकि माता कमला देवी गृहिणी हैं। नेत्रपाल ने एनडीए के माध्यम से आइएमए में प्रवेश कर कड़ी मेहनत और अनुशासन के बल पर सेना में अधिकारी बनने का सपना साकार किया। अपने पोते को सेना में अधिकारी बनते देख दादा हयात सिंह गुसाईं सहित पूरे परिवार में खुशी का माहौल है। उनके चाचा सुरेंद्र सिंह गुसाईं, जो स्वयं सेना से सेवानिवृत्त हैं, ने बताया कि नेत्रपाल बचपन से ही सेना में अफसर बनने का सपना देखता था और आज उसने अपनी लगन व मेहनत से उसे पूरा कर दिखाया है। **मंगेतर कैप्टन और अब खुद लेफ्टिनेंट बने आयुष:** भारतीय सैन्य अकादमी की 157वीं पासिंग आउट परेड सिर्फ नए अफसरों के कंधों पर सजी स्टार्स की कहानी नहीं थी, बल्कि इसमें कुछ रिश्तों की चमक भी शामिल थी। ऐसी ही एक दिलचस्प और प्रेरक कहानी है लेफ्टिनेंट बने आयुष पाठक की। इनके लिए यह परेड सपनों की मंजिल भी थी और प्रेम की जीत का साक्ष्य भी। वह आईएमए से पासआउट होकर लेफ्टिनेंट बने और उनकी प्रेमिका व मंगेतर रोहिनी सेना में कैप्टन हैं। मथुरा के रहने वाले आयुष पाठक का रिश्ता सेना से केवल पेशे तक सीमित नहीं है, बल्कि यह उनके परिवार की परंपरा और संस्कारों में रचा-बसा है। उनके पिता महादेव पाठक भारतीय वायुसेना में वारंट ऑफिसर के पद पर कार्यरत हैं, जबकि उनकी बहन निधि भारतीय सेना में कैप्टन के रूप में देश सेवा कर रही हैं। साथ ही जीजा फ्लाइट लेफ्टिनेंट है। मां मंजू पाठक एक गृहिणी हैं। आयुष की कहानी भी दिलचस्प है। उनकी जिंदगी की सबसे खूबसूरत कड़ी हैं उनकी मंगेतर रोहिनी, जो स्वयं भारतीय सेना में कैप्टन हैं। आयुष बताते हैं कि रोहिनी और वह पारिवारिक मित्र हैं और बचपन से एक-दूसरे को जानते हैं। समय के साथ यह दोस्ती गहरी होती गई और प्रेम में बदल गई। घरवालों की सहमति से इस रिश्ते को अहमियत मिली और दोनों अब मंगेतर हैं। आयुष कहते हैं कि उनकी सफलता में रोहिनी का योगदान अहम रहा और इसी आपसी सहयोग का परिणाम है कि आज दोनों भारतीय सेना का हिस्सा हैं। आयुष ने पहले ही प्रयास में एसीसी परीक्षा उत्तीर्ण की है। आयुष की शुरुआती शिक्षा केवि कैंट मथुरा से हुई है।

# कॉर्बेट टाइगर रिजर्व में तीन चरणों में होगी बाघ गणना

## बाघों की पहचान के लिए 550 से अधिक कैमरा ट्रैप लगाए गए

रामनगर। देशभर में हर चार वर्ष में की जाने वाली राष्ट्रीय बाघ गणना (टाइगर सेंसस) की प्रक्रिया आज से औपचारिक रूप से शुरू हो गई है। इस महत्वपूर्ण अभियान के तहत देश के सभी प्रमुख टाइगर रिजर्व और वन क्षेत्रों में बाघों की संख्या, उनके वितरण क्षेत्र एवं मूवमेंट पैटर्न का वैज्ञानिक आकलन किया जाएगा। इस बार भी बाघ गणना में आधुनिक तकनीकों और वैज्ञानिक पद्धतियों पर विशेष जोर दिया गया है। राष्ट्रीय बाघ गणना के सफल संचालन के लिए वाइल्डलाइफ इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया द्वारा वन विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। प्रशिक्षण के दौरान गणना के वैज्ञानिक पहलुओं, डेटा संग्रह और उसके विश्लेषण की प्रक्रिया को विस्तार से समझाया गया, ताकि यह गणना पूरी तरह सटीक, पारदर्शी और विश्वसनीय हो सके। इस बार बाघ गणना में कैमरा ट्रैप तकनीक का प्रमुख रूप से उपयोग किया जा रहा है। यह तकनीक बाघों की पहचान के लिए सबसे आधुनिक और भरोसेमंद मानी जाती है। कैमरा ट्रैप से प्राप्त तस्वीरों में बाघों की धारियों (स्ट्राइप्स) के पैटर्न के आधार पर उनकी पहचान की जाती है। विशेषज्ञों के अनुसार, प्रत्येक बाघ की धारियां इंसान के फिंगरप्रिंट की तरह पूरी तरह अलग और विशिष्ट होती हैं, जिससे हर बाघ की सटीक पहचान संभव हो पाती है। इस पद्धति से न केवल बाघों की वास्तविक संख्या का पता चलता है, बल्कि उनके आवास क्षेत्र, गतिविधियों और व्यवहार से जुड़ा



महत्वपूर्ण डेटा भी प्राप्त होता है। यह राष्ट्रीय गणना केवल आंकड़ों तक सीमित नहीं है, बल्कि भविष्य की संरक्षण नीतियों और वन्यजीव प्रबंधन रणनीतियों को तय करने में भी अहम भूमिका निभाती है। बाघों की बढ़ती या घटती संख्या के आधार पर सरकार और वन विभाग संरक्षण योजनाओं को और अधिक मजबूत बनाते हैं। गौरतलब है कि कॉर्बेट टाइगर रिजर्व विश्व प्रसिद्ध है और बाघ घनत्व के मामले में इसे दुनिया के प्रमुख टाइगर आवासों में शामिल किया जाता है। वर्तमान में यहां 260 से अधिक बाघों की उपस्थिति दर्ज की गई है, जो इसे राष्ट्रीय ही नहीं बल्कि वैश्विक स्तर पर भी अत्यंत महत्वपूर्ण बनाती है। वहीं पूरे उत्तराखंड राज्य में बाघों की संख्या करीब 560 बताई जाती है। कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर राहुल मिश्रा ने बताया कि आज से कॉर्बेट में बाघ गणना का कार्य शुरू कर दिया गया है। यह गणना तीन चरणों में पूरी की जाएगी। इसके लिए रिजर्व क्षेत्र में 550 से अधिक कैमरा ट्रैप लगाए गए हैं, ताकि हर क्षेत्र को प्रभावी रूप से कवर किया जा सके और सटीक आंकड़े सामने आ सकें। उन्होंने कहा कि यह सर्वे बाघ संरक्षण की दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण है और इससे आने वाले वर्षों की संरक्षण रणनीति तय होगी।

# नैनीताल जिले को नाबार्ड की बड़ी सौगात

## 1.88 करोड़ से अधिक की अनुदान सहायता से तीन मेगा विकास परियोजनाओं को स्वीकृति

नैनीताल (उद संवाददाता)। नैनीताल जिले के लिए राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) द्वारा तीन बड़ी और महत्वाकांक्षी विकासात्मक परियोजनाओं को अनुदान सहायता के अंतर्गत स्वीकृति प्रदान की गई है। इन परियोजनाओं के माध्यम से कुल 1.88 करोड़ से अधिक की अनुदान राशि स्वीकृत की गई है। ये सभी परियोजनाएं नाबार्ड की बड़ी श्रेणी की अनुदान परियोजनाओं में शामिल हैं, जिनकी स्वीकृति उत्तराखंड राज्य में बहुत सीमित संख्या में दी जाती है। यह विशेष रूप से उल्लेखनीय है कि हाल ही में राज्य में स्वीकृत ऐसी गिनी-चुनी बड़ी परियोजनाओं में से तीन परियोजनाएं नैनीताल जिले से संबंधित हैं, जिनमें से दो परियोजनाएं केवल नैनीताल जिले में ही स्वीकृत की गई हैं, जबकि एक परियोजना राज्य में स्वीकृत कुल दो परियोजनाओं में से एक है। इस संबंध में जानकारी देते हुए जिला विकास प्रबंधक, नाबार्ड, नैनीताल मुकेश बेलवाल ने बताया कि इन परियोजनाओं का मुख्य उद्देश्य जिले के ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों में सतत आजीविका के अवसर सृजित करना, प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण करना तथा स्थानीय समुदायों को सामाजिक और आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है। उन्होंने कहा कि जनजातीय विकास, ग्रामीण पर्यटन और जल एवं मृदा संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में इन परियोजनाओं के माध्यम से नैनीताल जिले के समग्र ग्रामीण विकास को नई दिशा मिलेगी। जनजातीय विकास निधि के अंतर्गत रामनगर विकासखंड में बुक्सा जनजाति के 200 परिवारों के लिए चार वर्षों की अवधि की एक समेकित विकास परियोजना को स्वीकृति दी गई है। इस परियोजना की कुल वित्तीय लागत 2.05 करोड़ से अधिक है, जिसमें नाबार्ड द्वारा 1.55 करोड़ से अधिक की अनुदान सहायता प्रदान की जाएगी। परियोजना के अंतर्गत बागवानी आधारित बाड़ी विकास, मधुमक्खी पालन, बकरी पालन, जल संरक्षण की सुविधाएं, महिला-केंद्रित आजीविका गतिविधियां तथा तकनीकी और व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इससे जनजातीय परिवारों को दीर्घकालिक आय सुरक्षा मिलेगी, कृषि एवं पशुपालन आधारित आजीविका में विविधता आएगी और जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से निपटने की क्षमता विकसित होगी। इसी क्रम में ग्राम्य विकास निधि के अंतर्गत नैनीताल जिले के ज्योलीकोट क्षेत्र के चोपड़ा गांव में ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु ग्राम विहार परियोजना को स्वीकृति प्रदान की गई है। इस परियोजना की कुल वित्तीय लागत 22,92,100 है, जिसमें से 20,67,510 की अनुदान सहायता नाबार्ड द्वारा स्वीकृत की गई है। यह परियोजना दो वर्षों की अवधि में क्रियान्वित की जाएगी और इसके अंतर्गत गांव के मौजूदा आवासों को पर्यटक आवास के रूप में विकसित करना, तंबू आधारित आवास सुविधाएं तैयार करना तथा स्थानीय हस्तशिल्प, लोक संगीत, लोक नृत्य और पारंपरिक भोजन को पर्यटन गतिविधियों से जोड़ना शामिल है। इससे ग्रामीण युवाओं और महिलाओं के लिए रोजगार एवं स्वरोजगार के नए अवसर सृजित होंगे और गांव आधारित पर्यटन को सुदृढ़ आधार मिलेगा।इसके अतिरिक्त, जलागम विकास निधि के अंतर्गत नैनीताल जिले के ओखलकांडा विकासखंड में अमजर जलागम विकास परियोजना के क्षमता निर्माण चरण को एक वर्ष की अवधि के लिए स्वीकृति प्रदान की गई है। इस चरण की कुल लागत 12,23,310 है, जिसके सापेक्ष नाबार्ड द्वारा 11,70,806 की अनुदान सहायता स्वीकृत की गई है। इस परियोजना के अंतर्गत गौल नदी की उपघाटी में स्थित अमजर जलागम क्षेत्र में 60 हेक्टेयर क्षेत्र को क्षमता निर्माण चरण के अंतर्गत उपचार योग्य क्षेत्र के रूप में शामिल किया गया है। संपूर्ण प्रस्तावित जलागम क्षेत्र 914.52 हेक्टेयर का है, जिसमें से 852.02 हेक्टेयर क्षेत्र उपचार योग्य है। यह परियोजना अमजर, सुवालकोट, सलकवार एवं सलकपार गांवों को आच्छादित करती है।

# फ्लॉप रही कांग्रेस की दिल्ली रैली: डा. चंदौला

रूद्रपुर। वरिष्ठ भाजपा नेता डा. केसी चंदौला ने दिल्ली में रविवार को आयोजित कांग्रेस की "वोट चोर गद्दी छोड़" रैली पर तीखा हमला बोलते हुए इसे फ्लॉप रैली करार दिया। उन्होंने कहा कि रैली का आयोजन भले ही बड़े पैमाने पर दिखाया गया हो, लेकिन वास्तविकता में यह कांग्रेस के लिए कोई सफलता नहीं साबित हुई। डा. चंदौला ने मीडिया को जारी बयान में कहा कांग्रेस अब पूरे देश में समाप्त होने की कगार पर है। जनता ने उनकी नीतियों और कार्यशैली से तंग आकर उन्हें पूरी तरह नजरअंदाज करना शुरू कर दिया है। आज कांग्रेस को देश के किसी भी हिस्से से 'राजनीतिक ऑक्सीजन' नहीं मिल रही है। उनके पास अब जनता को जोड़ने या प्रभावित करने के लिए कोई ठोस मुद्दा नहीं बचा है। यह पार्टी पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है। भाजपा नेता ने कांग्रेस के भीतर जारी आपसी संघर्ष और तुष्टिकरण की राजनीति पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कांग्रेस नेताओं को आपस में लड़ाई से फुरसत नहीं है। पार्टी का सारा ध्यान केवल तुष्टिकरण और अपने स्वार्थ के मुद्दों पर केंद्रित है। यही वजह है कि उनके आरोप और बयान हमेशा बेबुनियाद साबित होते हैं। जनता अब ऐसे झूठे वादों और आरोपों पर ध्यान नहीं दे रही है। डा. चंदौला ने आगे कहा भाजपा ने हमेशा देश और राज्य के विकास को प्राथमिकता दी है। हमारी सरकार की नीतियां जनता के हित में हैं और यही कारण है कि लोग हमें लगातार समर्थन दे रहे हैं। कांग्रेस की असफलताओं और आंतरिक विघटन ने स्पष्ट कर दिया है कि उनका राजनीतिक भविष्य अंधकारमय है। उन्होंने कहा कि आगामी चुनावों में भाजपा की मजबूत पकड़ और योजनाओं की सफलता कांग्रेस को और पीछे धकेलेगी। उन्होंने जनता से अपील की कि वे भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण की राजनीति के खिलाफ जागरूक रहें और विकास के मार्ग को मजबूत करें।



# 'सप्त शक्ति संगम' कार्यक्रम में महिला सशक्तिकरण पर जोर

दिनेशपुर। विद्या भारती भारतीय शिक्षा संस्थान (विद्या भारती) से संबद्ध सरस्वती शिशु मंदिर द्वारा 'सप्त शक्ति संगठन' या 'सप्त शक्ति संगम' नामक राष्ट्रीय अभियान का आयोजन विद्यालय परिसर में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रमीला वर्मा (पीएचडी माइक्रोबायोलॉजी), ब्लॉक प्रमुख ज्योति ग्रोवर और नगर पंचायत अध्यक्ष मनजीत कौर ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।कार्यक्रम के दौरान ब्लॉक प्रमुख ज्योति ग्रोवर ने कहा कि 'सप्त शक्ति संगम' का मुख्य उद्देश्य महिला शक्ति को सशक्त बनाना, उनकी ज्ञान, आत्म-शक्ति, संगठन, नेतृत्व और राष्ट्र शक्ति को जागृत करना है। उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत विद्यालयों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, जैसे दीप प्रज्वलन, वंदना, प्रश्नोत्तरी आदि, जिससे बच्चों और युवाओं में नेतृत्व और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित होती है। उन्होंने विशेष रूप से बताया कि यह कार्यक्रम राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में चलाया जा रहा है और इसका उद्देश्य न केवल शिक्षा के माध्यम से बल्कि सामाजिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से भी महिलाओं और युवाओं में सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम का संचालन सीता नेगी ने किया। इस अवसर पर स्कूल कमेटी अध्यक्ष नरेश चुफाल, व्यवस्थापक भोला शर्मा, प्रधानाचार्य महेंद्र सिंह यादव, डा. कुलवंत सिंह विर्क, क्षेत्र पंचायत सदस्य राजेंद्र सैनी समेत अन्य गणमान्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों ने बच्चों और युवाओं द्वारा प्रस्तुत गतिविधियों की सराहना की और महिला सशक्तिकरण तथा राष्ट्र निर्माण के महत्व पर जोर दिया।



# नवनियुक्त जिलाध्यक्ष आकांक्षा ठाकुर एवं सुरजीत सिंह हुआ जोरदार स्वागत

गदरपुर(उद संवाददाता)।भारतीय जनता पार्टी जिला काशीपुर की नवनियुक्त जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा आकांशा ठाकुर एवं किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष सुरजीत सिंह घुम्मन का पुष्प मालाओं के साथ पूर्व पालिकाध्यक्ष एवं पूर्व भाजपा जिला अध्यक्षा अंजु भुड्डी के निवास स्थान आवास विकास वार्ड नं 6 में किया गया।भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा भाजपा जिंदाबाद, नरेंद्र मोदी जिंदाबाद,पुष्कर सिंह धामी जिंदाबाद,अरविंद पांडेय जिंदाबाद, मनोज पाल जिंदाबाद के जोरदार नारे लगाए गए।ततपश्चात क्षेत्रीय विधायक अरविंद पांडे की धर्मपत्नी मनविंदर कौर की गरिमामयी उपस्थिति में महिला कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण कर अपनी नवनियुक्त जिलाध्यक्षा आकांशा ठाकुर का स्वागत किया। वही किसान मोर्चा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष सुरजीत सिंह घुम्मन का स्वागत भी माल्यार्पण कर जोरदार तरीके से किया गया।दोनों ही नवनियुक्त अध्यक्षो ने भाजपा के शीर्ष नेतृत्व का आभार प्रकट करते हुए प्रदेश एवं केंद्र सरकार की रीति नीतियों को जन जन तक पहुचाने की बात कही।साथ ही शीर्ष नेतृत्व के दिशा निर्देशों का पालन करते हुए जमीनी स्तर पर महिलाओं और किसानों के हितों का प्रमुखता से ध्यान रखा जाएगा। इस अवसर पर राकेश भुड्डी बन्टी, चंकित हुड़िया, रोहित सुदामा, विजय अरोरा ,विपिन गुप्ता ,किशन गुप्ता, संजीव शर्मा, निर्मल नारंग, अंजु भुड्डी, सर्वजीत कौर,पूनम ग्रोवर,राजबाला चौहान,सीमा चौधरी, मानसी शर्मा,नीतू अरोरा,रेनू बिष्ट, परमजीत कौर,संजना, कंचन, पूजा सहित तमाम कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।



# टाटा मोटर्स से तांबे का सामान चोरी करता एक गिरफ्तार

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। सिडकुल पंतनगर स्थित टाटा मोटर्स परिसर में चोरी की घटना का खुलासा करते हुए पुलिस ने एक व्यक्ति को तांबे के सामान के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी को सुरक्षा जांच के दौरान रंगेहाथ पकड़ा गया, जिसके पास से चोरी किया गया सामान बरामद हुआ। जानकारी के अनुसार, टाटा मोटर्स सेक्टर-11 में तैनात सुरक्षा कर्मियों ने रविवार को गेट नंबर-04 पर चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति को रोका। तलाशी लेने पर उसके पास से 04 पीस हथौड़ी पीली धातु (हैमर कॉपर) तथा 20 पीस बैटरी केबल (कॉपर वायर), प्रत्येक लगभग 08 इंच लंबाई के बरामद किए गए। सिक्योरिटी इंचार्ज भवानी राम ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उक्त सामान टीसीएफ-1ए शॉप से चोरी किया गया था। पकड़े गए व्यक्ति की पहचान अजय पाल पुत्र रामसुमेर, निवासी ग्राम बरा, थाना पुलभट्टा, तहसील किच्छा, जिला उधम सिंह नगर (उम्र 36 वर्ष) के रूप में हुई है। आरोपी को चोरी के सामान सहित चौकी सिडकुल लाया गया, जहां उसके विरुद्ध सम्बंधित धाराओं में कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बरामद सामान को कब्जे में लेकर सील किया तथा बरामदगी व गिरफ्तारी की वीडियोग्राफी भी कराई गई। पुलिस ने बताया कि पूरे प्रकरण की जांच जारी है।

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरुनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817

# 'मुकदमा मुक्त ग्राम' के अंतर्गत 17 ग्रामों को किया गया सम्मानित

## विधिक सेवा प्राधिकरण ने आयोजित किया चिकित्सा शिविर व ग्राम सम्मान समारोह

नैनीताल (उद संवाददाता)। उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, नैनीताल के दिशा-निर्देशों के अनुपालन में एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल / जिला न्यायाधीश श्री हरीश कुमार गोयल के मार्गदर्शन में, सिविल जज (सी.डि.)/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल श्रीमती पारुल थपलियाल द्वारा रविवार को नैनीताल जनपद के राजकीय इंटर कॉलेज, रातीघाट में रोटरी क्लब के सहयोग से चिकित्सा शिविर एवं ग्राम सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में माननीय न्यायमूर्ति श्री आलोक माहरा उपस्थित रहे। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया, जिसके पश्चात राजकीय इंटर कॉलेज रातीघाट की छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। इस अवसर पर सदस्य सचिव, उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण श्री प्रदीप कुमार मणि ने विधिक सेवा प्राधिकरण के उद्देश्यों एवं कार्यों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने 'मुकदमा मुक्त ग्राम' योजना पर प्रकाश डालते हुए ग्राम प्रधानों से अपील की कि वे अपने-अपने ग्रामों को विवाद रहित एवं मुकदमा मुक्त बनाने हेतु सक्रिय भूमिका निभाएं। मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति आलोक माहरा द्वारा बेतालघाट विकासखंड से 'मुकदमा मुक्त ग्राम सम्मान पहल योजना' के अंतर्गत चयनित 17 ग्रामों को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। जिला न्यायाधीश हरीश कुमार गोयल ने अपने संबोधन में न्यायमूर्ति आलोक माहरा का स्वागत एवं आभार व्यक्त किया। इसके उपरांत न्यायमूर्ति आलोक माहरा ने शिविर में उपस्थित जनमानस को संबोधित करते हुए विधिक जागरूकता एवं सामाजिक सौहार्द के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अंत में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल एवं रोटरी क्लब के सदस्यों द्वारा सभी अतिथियों एवं सहभागियों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए समारोह के समापन की घोषणा की गई। कार्यक्रम में खंड विकास अधिकारी का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर अपर जिला न्यायाधीश द्वितीय कुलदीप शर्मा, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट रवि प्रकाश, ओएसडी अभिषेक कुमार श्रीवास्तव, सिविल जज (सीनियर डिविजन) हर्ष यादव, विद्यालय के प्रधानाचार्य, रोटरी क्लब के समस्त सदस्य, पीएलवी, एवं ग्राम प्रधान सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।



# राज्य आपदा मोचन निधि के अंतर्गत 4 करोड़ के कार्यो को मिली स्वीकृति

नैनीताल (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने इस संबंध में जानकारी देते हुए अवगत कराया कि राज्य आपदा मोचन निधि के अंतर्गत जिले में प्राकृतिक आपदा से क्षतिग्रस्त विभागीय परिसम्पत्तियों के तात्कालिक मरम्मत कार्यों हेतु शासन से प्राप्त 4 करोड़ की धनराशि को विभिन्न कार्यदाई संस्थाओं को उपलब्ध करा दी गई है। जिलाधिकारी ने अवगत कराया कि जिले में प्राकृतिक आपदा से क्षतिग्रस्त विभागीय परिसम्पत्तियों की मरम्मत एवं पुनर्निर्माण हेतु विभिन्न कार्यदायी संस्था द्वारा उपलब्ध कराए गए प्रस्तावों की स्वीकृति से पूर्व सर्वप्रथम सम्बन्धित क्षेत्र के उपजिलाधिकारी से जाँच कराई गई, इसके उपरांत स्वीकृत प्रस्तावों को अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व की अध्यक्षता में गठित मूल्यांकन व जिला कार्यकारिणी समिति के समक्ष रखा गया था, समिति द्वारा की गई संस्तुति के आधार पर दैवीय आपदा से क्षतिग्रस्त विभिन्न प्रस्तावों को विभागीय / सार्वजनिक परिसम्पत्तियों की तात्कालिक मरम्मत कार्यों हेतु राज्य आपदा मोचन निधि के अंतर्गत धनराशि की स्वीकृति प्रदान की गई है। जिसमें सिंचाई विभाग को जिले के विभिन्न क्षेत्रों में क्षतिग्रस्त नहर के पुनर्निर्माण मरम्मत आदि कार्यों हेतु 3 करोड़ 10 लाख रुपये, पीएमजीएस वाई को क्षतिग्रस्त सड़कों के सुधारीकरण,दीवारों आदि कार्यों के पुनर्निर्माण हेतु 1 करोड़ 28 लाख रुपये, लोक निर्माण विभाग को 3 करोड़ 16 लाख लाख रुपये, विभिन्न विकास खंडों को 25 लाख 68 हजार रुपये सहित अन्य विभागों को प्रस्तावों के अनुरूप धनराशि स्वीकृत की गई है। जिलाधिकारी ने सभी कार्यदाई संस्थाओं को निर्देश दिए हैं कि आपदा मानकों के अनुरूप व स्वीकृत प्रस्तावों के अनुसार कार्य करते हुए उपयोगिता प्रमाण पत्र उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

# 'अटल-मोदी सुशासन यात्रा' में शामिल हुए सीएम धामी

## सीएम ने मदनपल्ली में भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की प्रतिमा का अनावरण कार्यक्रम में प्रतिभाग किया

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को आंध्र प्रदेश के अन्नामय्या जिले के मदनपल्ली में भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की प्रतिमा का अनावरण कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने 'अटल-मोदी सुशासन यात्रा' में प्रतिभाग किया और जनसभा को संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी जी के जन्मशताब्दी वर्ष के पावन अवसर पर आंध्र प्रदेश भाजपा द्वारा आयोजित इस यात्रा में उपस्थित होकर वह स्वयं को गौरवान्वित अनुभव कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि श्रद्धेय अटल जी का संपूर्ण जीवन राष्ट्रभक्ति, लोकतांत्रिक मर्यादाओं एवं मानवीय मूल्यों का जीवंत प्रतीक रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अटल जी के नेतृत्व में भारत ने पोखरण परमाणु परीक्षण, स्वर्णिम चतुर्भुज परियोजना, ग्राम सड़क योजना और दूरसंचार क्रांति जैसी अनेक उपलब्धियाँ हासिल कीं। देश में गठबंधन सरकार का सफल कार्यकाल पूरा कर उन्होंने यह साबित किया कि जब उद्देश्य राष्ट्र की प्रगति हो, तो सभी दल एकजुट होकर कार्य कर सकते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि अटल जी की प्रेरणा से आज प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में देश सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण की दिशा में निरंतर नई ऊँचाइयों को प्राप्त कर रहा है। उन्होंने कहा कि 'स्टार्टअप इंडिया', 'मेक इन इंडिया', 'डिजिटल इंडिया' और 'वोकल फॉर लोकल' जैसी योजनाओं के माध्यम से भारत आत्मनिर्भरता की दिशा में सशक्त रूप से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि आज भारत विश्व की एक अग्रणी आर्थिक शक्ति बनने के साथ-साथ रक्षा, अंतरिक्ष और अवसंरचना के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति कर रहा है। मोदी सरकार के कार्यकाल में देश के 99 प्रतिशत गांव सड़कों से जुड़ चुके हैं, जबकि स्वास्थ्य, शिक्षा और परिवहन क्षेत्र में भी ऐतिहासिक बदलाव देखने को मिले हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में देश में सनातन संस्कृति और धार्मिक धरोहरों के संरक्षण हेतु अभूतपूर्व कार्य हो रहे हैं अयोध्या में श्रीराम मंदिर, काशी विश्वनाथ कॉरिडोर, उज्जैन में महाकाल लोक तथा बद्रीनाथ व केदारनाथ धाम के पुनर्निर्माण इसके उदाहरण हैं। उन्होंने कहा कि कश्मीर से अनुच्छेद 370 की समाप्ति, ट्रिपल तलाक उन्मूलन, नागरिकता संशोधन अधिनियम और वक्फ संशोधन जैसे ऐतिहासिक निर्णयों से 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' के संकल्प को सशक्त आधार मिला है। मुख्यमंत्री धामी ने इस अवसर पर आंध्र प्रदेश में मुख्यमंत्री श्री चंद्रबाबू नायडू के नेतृत्व में चल रहे विकास कार्यों की सराहना की और कहा कि पोलावरम परियोजना, औद्योगिक शहरों, नाइट विजन फैक्ट्री, सेमीकंडक्टर इकाई आदि के माध्यम से राज्य विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है। उन्होंने कहा कि श्रद्धेय अटल जी की प्रेरणा से ही उत्तराखंड राज्य का निर्माण संभव हुआ और आज प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के मार्गदर्शन में उत्तराखंड शिक्षा, स्वास्थ्य, स्टार्टअप, रोजगार और सुशासन के क्षेत्र में अग्रणी राज्य बन चुका है। राज्य में समान नागरिक संहिता लागू करना, धर्मांतरण विरोधी कानून तथा लैंड जिहाद के विरुद्ध कड़े कदम इसी दिशा में उठाए गए हैं।







# प्रदेश में महिला व बाल अपराधों के शीघ्र निस्तारण को लेकर संसद में उठा सवाल

## केंद्र सरकार ने फास्ट ट्रैक विशेष न्यायालयों की जानकारी दी

नई दिल्ली/हल्द्वानी (उद संवाददाता)। पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री एवं नैनीताल ऊधम सिंह नगर संसदीय क्षेत्र से सांसद अजय भट्ट ने लोकसभा सत्र के दौरान अतारांकित प्रश्न के माध्यम से केंद्र सरकार से उत्तराखंड में बच्चों एवं महिलाओं के विरुद्ध बढ़ते अपराधों के मामलों के त्वरित निस्तारण को लेकर सवाल उठाया। सांसद अजय भट्ट ने पूछा कि क्या उत्तराखंड में महिला एवं बाल अपराधों, विशेषकर पॉक्सो अधिनियम से संबंधित मामलों के शीघ्र निपटारे के लिए विशेष न्यायालयों की स्थापना की कोई योजना केंद्र सरकार के स्तर पर प्रस्तावित है। इस प्रश्न के उत्तर में केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) अर्जुन राम मेघवाल ने सदन को अवगत कराया कि देशभर में 790 न्यायालयों की स्थापना के लिए 31 मार्च 2026 तक 1952.30 करोड़ रुपये का वित्तीय प्रावधान किया गया है। इसके अतिरिक्त, वर्तमान में देश में 773 फास्ट ट्रैक विशेष न्यायालय कार्यरत हैं, जिनमें से 400 विशिष्ट पॉक्सो न्यायालय हैं। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि उत्तराखंड सरकार के अनुरोध पर राज्य को तीन अतिरिक्त फास्ट ट्रैक विशेष न्यायालय आवंटित किए गए हैं, जो देहरादून (विकासनगर), ऊधम सिंह नगर (काशीपुर) एवं नैनीताल जिला मुख्यालय में स्थापित किए गए हैं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि न्यायालयों में महिला न्यायाधीशों, अभियोजकों एवं कर्मचारियों की नियुक्ति की जिम्मेदारी संबंधित राज्य सरकारों एवं उच्च न्यायालयों की होती है। आंकड़ों की जानकारी देते हुए केंद्रीय मंत्री ने बताया कि वर्तमान में उत्तराखंड में विशिष्ट पॉक्सो न्यायालयों सहित कुल चार फास्ट ट्रैक विशेष न्यायालय कार्यरत हैं। इसके अतिरिक्त वर्ष 2025 में जनवरी से सितंबर तक राज्य में बलात्कार एवं पॉक्सो अधिनियम के अंतर्गत 248 मामले दर्ज किए गए, जिनमें से 212 मामलों का निस्तारण किया जा चुका है। वहीं दिसंबर 2025 तक कुल लंबित मामलों की संख्या 1113 बताई गई है।



# पांच मुख्य आरक्षी चालक एएसआई पद पर पदोन्नत

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पुलिस परिवहन शाखा में अपर उप निरीक्षक, चालक के रिक्त पदों के पद पर चयन हेतु गठित विभागीय चयन समिति की संस्तुति के आधार पर पांच मुख्य आरक्षी चालकों की एएसआई पद पदोन्नति की गई है। जिन मुख्य आरक्षी चालकों की पदोन्नति की गई है उनमें मुख्य आरक्षी चालक नारायण सिंह, हरि ओम, प्रकाश चन्द्र भट्ट, मदन लाल व मनोज कुमार शामिल हैं।






# मीरी पीरी खालसा अकैडमी में कौन बनेगा गुरु का प्यारा प्रतियोगिता संपन्न

## प्रथम पांच प्रतिभागियों में हाट सीट पर प्रथम शिव शरण,द्वितीय मयंक विष्ट एवं तृतीय रही दीक्षा

गदरपुर/नवाबगंज । श्री गुरु तेग बहादुर जी के शहीदी को समर्पित 350 वें साल पर ष्कौन बनेगा गुरु का प्याराष प्रतियोगिता मीरी पीरी खालसा अकेडमी रतनपुरा /नवाबगंज में आयोजित की गयी। जिसमें 40 से अधिक स्कूलों के 350 बच्चों ने प्रतिभाग किया। इस प्रतियोगिता में 3 राउन्ड रखे गये थे। प्रतियोगिता सिक्ख इतिहास को लेकर हिन्दी में लिखित एवं मौखिक परीक्षा तथा हॉटसीट राउन्ड के साथ आयोजित की गयी। मौखिक परीक्षा में उत्तीर्ण टॉप 5 प्रतिभागियों ने कौन बनेगा गुरु का प्यारा,हॉट सीट राउन्ड खेला जिसमें प्रथम शिवी सरन जे0के कान्वेंट स्कूल, द्वितीय मयंक बिष्ट होली कृष्णा कालेज,तृतीय दीक्षा गुरुनानक पब्लिक स्कूल,चतुर्थ लवली,मिल्टन अकेडमी एवं पंचम स्थान पर अदिति जेके कान्वेंट स्कूल रहे । विजयी प्रतिभागियों में प्रथम इनाम बीस हजार रुपए, द्वितीय इनाम पन्द्रह हजार रुपए, तीसरा इनाम दस हजार रुपए, चौथा इनाम सात हजार रुपए एवं पांचवां इनाम पांच हजार रुपये का मीरी पीरी खालसा एजुकेशनल एवं ट्रस्ट के द्वारा बाबा अनूप सिंह जी के द्वारा प्रदान किये गये। उक्त कार्यक्रम में स्थानीय स्कूलों के प्रतिभागियों के साथ साथ क्षेत्रवासियों एवं आस पास के लोगों ने भी कार्यक्रम का आनन्द लिया। इस अवसर पर गुरुद्वारा श्री गुरु हरगोबिंद सर नवाबगंज, उत्तराखंड/उत्तर प्रदेश के मुख्य सेवादार वीर अनूप सिंह जी एवं उप प्रधानाचार्य हरमन जोत सिंह ने आये हुए स्कूलों के बच्चों एवं उनके टीचर्स के अलावा स्कूल प्रबंधकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह प्रतियोगिता बच्चों में हर प्रकार का ज्ञान बढ़ाने का कार्य करती है जो कि न केवल सिक्ख बच्चों के लिये बल्कि हिन्दू एवं अन्य गैर सिक्ख बच्चों के लिये भी रखी गयी। उन्होने यह भी बताया कि आगामी 17 दिसम्बर को यह प्रतियोगिता पंजाबी भाषा में रागी,पाठी, प्रचारक ,ढाढ़ी एवं कविश्री के लिये आयोजित की जायेगी। जिसमें धन नगद धनराशि के अलावा प्रथम पुरस्कार मोटरसाइकिल है ।



SAHAS Homeo
साहस होम्यो मेडिकल स्टोर एवं क्लीनिक
जर्मन तथा सभी प्रकार के होम्योपैथिक व बायोकैमिक दवाईयों के विक्रेता

डॉ. यश पाण्डेय
होम्योपैथिक फिजिशियन
बी.एच.एम.एस., जयपुर
चर्म रोग | गुर्दा रोग | पेट रोग
गुदा रोग | लिवर सम्बन्धि रोग
अन्य रोग • स्पान्डीलाईटिस • श्वास रोग • मोटापा • दमा • प्रोस्टेट • माइग्रेन • टान्सिल • एलर्जी • ब्रोनकाइटिस
बच्चों के रोग • पेट का दर्द • अपच • कान में संक्रमण / दर्द • खांसी • जुकाम • निमोनिया • बुखार • दांत निकलना
साहस होम्यो क्लीनिक
निकट गुरुद्वारा, कालाढूंगी रोड, हल्द्वानी
मो. 9456727473, 9410514531 शनिवार अवकाश

# बस अनियंत्रित होकर खेत में पलटी, कई यात्री घायल

रामनगर(उद संवाददाता)।हल्द्वानी मोटर मार्ग पर रविवार शाम एक भीषण सड़क हादसा हो गया। कालाढूंगी थाना क्षेत्र के धमोला इलाके में एक यात्री बस और कार के बीच जोरदार टक्कर के बाद बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खेत में पलट गई। हादसे के समय बस में 35 से अधिक यात्री सवार थे। दुर्घटना में 6 से 7 यात्रियों के गंभीर रूप से घायल होने की सूचना है, जबकि कई अन्य यात्रियों को भी चोटें आई हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार यह हादसा उस समय हुआ जब बस रामनगर से हल्द्वानी की ओर जा रही थी। धमोला के पास बस के आगे चल रही एक कार के सामने अचानक एक कुत्ता आ गया, जिसे बचाने के प्रयास में कार चालक ने इमरजेंसी ब्रेक लगा दिए। पीछे चल रही बस के चालक ने भी कार से टकराव से बचने के लिए अचानक ब्रेक लगाए, लेकिन तेज रफ्तार और अधिक सवारियों के कारण बस का संतुलन बिगड़ गया और वह सड़क किनारे खेत में जा पलटी। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास मौजूद स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए बस में फंसे यात्रियों को बाहर निकाला और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही कालाढूंगी पुलिस मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया गया। घायलों को एंबुलेंस की मदद से कालाढूंगी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और रामनगर के रामदत्त संयुक्त चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है, जहां उनका उपचार जारी है। रामनगर सीओ सुमित पांडे ने बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि बस के आगे चल रही कार द्वारा अचानक ब्रेक लगाए जाने के कारण यह दुर्घटना हुई। उन्होंने बताया कि बस में लगभग 30 से 35 यात्री सवार थे। फिलहाल पुलिस ने मौके पर यातायात व्यवस्था को सामान्य करा दिया है और दुर्घटना के कारणों की विस्तृत जांच की जा रही है। पुलिस का कहना है कि सभी घायलों की स्थिति पर नजर रखी जा रही है और मामले में नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।



# गीता जयंती पर निकली भव्य शौर्य यात्रा

## शौर्य यात्रा में भगवा झंडों के साथ नगर में धार्मिक उत्साह का माहौल, हिंदू समाज से एकजुटता का आहवान

रुद्रपुर। गीता जयंती के अवसर पर रुद्रपुर में बजरंग दल द्वारा आयोजित भव्य शौर्य यात्रा ने नगरवासियों में धार्मिक और सांस्कृतिक उत्साह भर दिया। सड़कों पर इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए विश्व हिंदू परिषद के प्रांत संगठन मंत्री अजय ने कहा बजरंग दल देश के युवाओं को साथ लेकर समाज में कहा कि युवा पीढ़ी का मार्गदर्शन करना और उन्हें राष्ट्रीय चेतना से जोड़ना हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी है। सभा में प्रमुख वक्ता विधायक शिव अरोरा ने विहिप फैलाया है। उनके प्रयास युवाओं के लिए प्रेरणादायक हैं। महापौर विकास शर्मा ने कहा कि इस तरह के आयोजन न केवल सांस्कृतिक और धार्मिक चेतना को बढ़ाते आरएसएस के जिला संघचालक अशोक जायसवाल, विहिप जिलाध्यक्ष रविंद्र पाल सिंह, बजरंग दल के प्रांत सह संयोजक पूरन चंद्र जोशी और बंटी शौर्य यात्रा निकाली गई। यह यात्रा गांधी पार्क से शुरू होकर मेन बाजार, भगत सिंह चौक, गल्ला मंडी, डीडी चौक और अग्रसेन चौक होते हुए पुन: गांधी पार्क पर







भगवा झंडों की रंगत और जयकारों की गूंज ने शहर का माहौल भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर के गांधी पार्क में आयोजित सभा से किया गया। जागरूकता फैलाने का काम कर रहा है। हम लव जिहाद, लैंड जिहाद और थूक जिहाद जैसे सामाजिक खतरों के प्रति लोगों को सचेत कर रहे हैं। उन्होंने आगे और बजरंग दल के समाजिक कार्यों की सराहना की और कहा इन संगठनों ने समाज में न सिर्फ धार्मिक चेतना बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी का संदेश भी हैं, बल्कि सामाजिक समरसता और नागरिक सहभागिता को भी मजबूत करते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी जसविंदर सिंह खरबंदा ने की। सभा में राजौरिया समेत तमाम लोग मौजूद थे। सभा में पहुंचे अतिथियों को बजरंग दल ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। सभा के पश्चात नगर के प्रमुख मार्गों पर समाप्त हुई। यात्रा में बड़ी संख्या में बजरंग दल के कार्यकर्ता भगवा ध्वज लेकर शामिल हुए और रास्ते में धर्म और संस्कृति के प्रति जागरूकता के संदेश भी दिए।

# तुषार हत्याकांड में त्वरित कार्रवाई पर पुलिस प्रशासन की सराहना

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने अपराधियों के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस नीति को बताया सराहनीय

खटीमा(उद संवाददाता)।नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर तुषार शर्मा हत्याकांड के आरोपियों की त्वरित गिरफ्तारी एवं मुख्य आरोपी को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किए जाने पर पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली की सराहना की। नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी ने कहा कि युवा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखंड में अपराध के प्रति जीरो टॉलरेंस नीति को सख्ती से लागू किया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि अपराधी चाहे किसी भी धर्म या वर्ग का हो, उसे किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा और सीधे सलाखों के पीछे भेजा जाएगा। यह कार्रवाई उत्तराखंड को अपराध मुक्त बनाने की दिशा में एक मजबूत कदम है। भाजपा



युवा मोर्चा के पूर्व प्रदेश महामंत्री गणेश ठुकराती ने कहा कि उत्तराखंड कौमी एकता का गुलदस्ता है और यहां किसी भी प्रकार का सांप्रदायिक माहौल खराब नहीं होने दिया जाएगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में प्रदेश निश्चित रूप से अपराध मुक्त बनेगा। इस अवसर पर पूर्व नगर मंडल महामंत्री मनोज वाधवा, जिला उपाध्यक्ष अमित पांडे, चंपावत प्रभारी हिमांशु बिष्ट, सभासद नीरज रस्तोगी, भुवन जोशी, हरीश चुफाल, सिद्ध गुप्ता, चंद्रशेखर गुप्ता, इशू ठाकुर, अर्पित कॉलोनी, शुभम पटवा, राहुल सक्सेना सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। प्रेस वार्ता के उपरांत नगर पालिका अध्यक्ष के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने सीओ विमल रावत एवं एसपी सिटी उत्तम सिंह नेगी से मुलाकात कर शेष आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी एवं उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की। इस पर पुलिस अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि अन्य आरोपियों के खिलाफ भी कठोरतम कार्रवाई की जाएगी, जो एक उदाहरण बनेगी। इसके बाद भाजपा कार्यकर्ता पीड़ित परिवार के आवास पर पहुंचे, उन्हें ढांढस बंधाया और संयम बरतने की अपील की। साथ ही पार्टी की ओर से पीड़ित परिवार को हर संभव सहायता उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया गया। पूर्व नगर मंडल महामंत्री मनोज वाधवा ने स्थानीय प्रशासन से स्मैक तस्करी से जुड़े सिंडिकेट के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने तथा उन्हें संरक्षण देने वालों की पहचान कर उनके विरुद्ध भी सख्त कदम उठाने की मांग की।

# नि:शुल्क चिकित्सा शिविर में हुई सैकड़ों रोगियों की जांच

हल्द्वानी । भारत विकास परिषद शाखा काठगोदाम द्वारा आयोजित नि:शुल्क चिकित्सा शिविर में सैकड़ों रोगियो ने स्वास्थ्य लाभ लिया। चिकित्सा शिविर में 210 रोगियो को वरिष्ठ फिजिश्यान डॉ. के सी लोहनी, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ.आर जे के सिंह,काया आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज के डॉ. विनय खुल्लर,डॉ. महेंद्र बोरा, डॉ. स्वप्निल, डॉ. श्वेता पौल, डॉ. दिबेश नेफ्रोलॉजिस्ट, डॉ. रोहित गोयल ने मरीजों की जांच एव परामर्श दिया। कार्यक्रम का प्रारंभ मेयर गजराज बिष्ट,अध्यक्ष राजेश अग्रवाल, डॉ. के सी लोहनी, डॉ. विनय खुल्लर, दीपक माहेश्वरी ने दीप प्रज्वलन कर किया।शिविर में निशुल्क हीमोग्लोबिन शुगर ब्लड प्रेशर आदि की जांच की। शिविर में विशाल सिंघल, आलोक सक्सेना, दीपक बिष्ट, ममता खुल्लर गरिमा सिंघल, गौरव नेगी, सुशील मित्तल, जितेन्द्र डीरोलिया, राजीव रावत एव  दिनेश सनवाल ने रोगियो की शुगर जांच की।



# लिटल किंगडम में 'एनुअल क्राफ्ट,आर्ट एवं साइंस एग्जिबिशन' की धूम

## नन्हे विद्यार्थियों की रचनात्मकता, विज्ञान प्रयोगों और कलाकृतियों ने मोहा सभी का मन

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। शहर में स्थित लिटल किंगडम स्कूल में वार्षिक एनुअल क्राफ्ट, आर्ट एवं साइंस एग्जिबिशन का भव्य एवं रंगारंग आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि मेयर विकास शर्मा एवं एडीएम कौस्तुभ मिश्रा ने दीप प्रज्वलित कर किया। विद्यालय परिसर विद्यार्थियों की रचनात्मक सोच, विज्ञान आधारित प्रयोगों और आकर्षक कलाकृतियों से जगमगा उठा। प्रदर्शनी में 'फेस्टिवल ऑफ इंडिया', 'आवर प्लेनेट', विभिन्न साइंस मॉडल एवं अन्य रचनात्मक प्रोजेक्ट्स प्रदर्शित किए गए। कक्षा 1 से 5 तक के विद्यार्थियों ने विज्ञान पर आधारित उत्कृष्ट मॉडल प्रस्तुत किए, वहीं प्लेग्रुप, एलकेजी एवं यूकेजी के नन्हे बच्चों ने अपनी सुंदर ड्राइंग और क्राफ्ट के माध्यम से सभी का ध्यान आकर्षित





किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पहुंचे अभिभावकों ने बच्चों की प्रतिभा और विद्यालय की इस अभिनव पहल की खुले दिल से सराहना की। विद्यालय की प्रशासिका श्रीमती परविंदर पुरी ने कहा कि एनुअल एग्जिबिशन बच्चों में सृजनशीलता, अवलोकन क्षमता और वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने का सशक्त माध्यम है। हमारा उद्देश्य है कि शिक्षा केवल पुस्तकों तक सीमित न रहे, बल्कि बच्चे सीखते हुए स्वयं सृजन करें। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती गायत्री खन्ना ने अपने संदेश में कहा कि बच्चों की मेहनत और उत्साह इस प्रदर्शनी में स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। विद्यालय हमेशा से अनुभवात्मक शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध रहा है।उप-प्रधानाचार्या सिमरन पुरी ने कहा कि बच्चों ने जिस आत्मविश्वास और रचनात्मकता के साथ अपने मॉडल प्रस्तुत किए, वह अत्यंत प्रशंसनीय है। ऐसे आयोजन बच्चों में टीमवर्क, नवाचार और प्रस्तुति कौशल को विकसित करते हैं। विद्यालय के संचालक लक्ष्य शर्मा ने कहा कि एग्जिबिशन बच्चों के सर्वांगीण विकास का प्रतीक है। हमारा निरंतर प्रयास है कि प्रत्येक बच्चा अपनी प्रतिभा को निखार सके और भविष्य के लिए एक मजबूत आधार तैयार कर सके। मुख्य अतिथि मेयर विकास शर्मा ने विद्यालय की सराहना करते हुए कहा कि बच्चों की प्रतिभा और विद्यालय का यह प्रयास अत्यंत प्रेरणादायक है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन शहर के शैक्षणिक वातावरण को नई दिशा प्रदान करते हैं। प्रदर्शनी के समापन पर अभिभावकों ने विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकों के प्रयासों की सराहना करते हुए बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में अतिथियों को विद्यालय प्रबंधन की ओर से स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय प्रशासिका श्रीमती परविंदर पुरी, प्रधानाचार्या श्रीमती गायत्री खन्ना, उप-प्रधानाचार्या श्रीमती सिमरन पुरी, विद्यालय संचालक लक्ष्य शर्मा, मानसी , पूनम साहनी, बृजेश, हेमा पाण्डेय सहित तमाम लोग मौजूद थें।







# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## 'पूज्य बापू ग्रामीण रोजगार योजना'

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम यानी मनरेगा गांवों के अकुशल लोगों के लिए काम पाने और अपनी आजीविका चलाने का एक बहुत बड़ा सहारा है। अगर किसी ग्रामीण को और कहीं काम न मिले तो वह मनरेगा के तहत रोजगार पा सकता है। इस कानून के तहत सौ दिन के कार्य की गारंटी दी गई है। केंद्र सरकार ने अब इन कार्य दिवसों की संख्या बढ़ाकर एक सौ पच्चीस करने का फैसला किया है और इससे संबंधित विधेयक को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मंजूरी दे दी है। इसे अब मनरेगा नहीं बल्कि 'पूज्य बापू ग्रामीण रोजगार योजना' के नाम से जाना जाएगा। यानी अब इसके नए स्वरूप में काम की गारंटी होगी या नहीं, इसको लेकर अभी आधिकारिक रूप से स्थिति स्पष्ट नहीं है। मगर कार्य दिवसों की संख्या बढ़ाने का निर्णय देश की ग्रामीण आबादी के लिए रोजगार के लिहाज से एक महत्त्वपूर्ण कदम है, क्योंकि ग्रामीण इलाकों में आज भी रोजगार का अभाव है और अगर सौ दिन काम मिल भी जाए, तो उसके पारिश्रमिक से घर-परिवार चलाना व्यावहारिक रूप से बहुत मुश्किल है।यह दूसरी बार है, जब इस कानून या योजना का नाम बदला गया है। इसे वर्ष 2005 में राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (नरेगा) के नाम से लागू किया गया था। इसके बाद वर्ष 2009 में इसका नाम बदलकर महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) कर दिया गया। इसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में गरीब परिवारों की आजीविका सुरक्षा को बढ़ाना है। इसके तहत प्रत्येक परिवार के अकुशल सदस्यों को एक वित्तीय वर्ष में कम से कम सौ दिनों का गारंटीकृत रोजगार प्रदान करने का प्रावधान है। अब उसके कार्य दिवस में बढ़ोतरी की पहल स्वागतयोग्य है, लेकिन यह सही मायने में तभी सफल मानी जाएगी, जब इसे जमीनी स्तर पर प्रभावी रूप से अमल में लाया जाए। इसमें दोराय नहीं कि कोविड महामारी के दौरान जब कई उद्योग-धंधे बंद हो गए और हजारों लोग बेरोजगार हुए, तो इसी योजना ने ग्रामीण परिवारों को आर्थिक सहारा दिया था। देश भर में करोड़ों परिवारों की आजीविका का एक हिस्सा इस योजना पर टिका हुआ है। ग्रामीण इलाकों में इस रोजगार योजना के सफल क्रियान्वयन को लेकर पहले से चुनौतियां कम नहीं हैं। शुरुआत से ही इसे लेकर कई तरह की अनियमितताओं के मामले सामने आ चुके हैं, जिनमें गारंटी के मुताबिक सौ दिन का रोजगार न मिलना, कागजों में फर्जी तरीके से रोजगार देना और वित्तीय गड़बड़ियां प्रमुख हैं। अब काम के दिनों में बढ़ोतरी तभी सार्थक होगी, जब पुरानी गड़बड़ियां और अनियमितताओं को दूर किया जाए। ऐसे में इस योजना की निगरानी के लिए एक मजबूत तंत्र स्थापित करना भी सरकार की प्राथमिकता में शामिल होना चाहिए।

# उत्तराखंड की कविता चंद ने रचा इतिहास

## अंटार्कटिका की सबसे ऊंची चोटी फतह कर भारत को किया गौरवान्वित

देहरादून। उत्तराखंड के अल्मोड़ा की बेटी कविता चंद (40) ने अंटार्कटिका की सबसे ऊंची चोटी माउंट विंसन (4,892 मीटर) पर सफलतापूर्वक चढ़ाई कर भारत का नाम रोशन किया है। कविता ने 14 दिसंबर 2025 को शिखर पर पहुंचकर यह उपलब्धि हासिल की। वर्तमान में मुंबई में निवास कर रहीं कविता की इस ऐतिहासिक सफलता की गूंज उनके गृह राज्य उत्तराखंड तक सुनाई दे रही है, जहां पहाड़ों से निकलकर दुनिया की सबसे दुर्गम चोटियों तक पहुंचने की उनकी यात्रा को गर्व के साथ सराहा जा रहा है। माउंट विंसन पर चढ़ाई कविता के प्रतिष्ठित 'सेवन समिट्स' लक्ष्य की दिशा में एक अहम कदम है, जिसके तहत दुनिया के सातों महाद्वीपों की सबसे ऊंची चोटियों को फतह किया जाता है। इससे पहले वह यूरोप की सबसे ऊंची चोटी माउंट एल्ब्रस पर भी सफलतापूर्वक चढ़ाई कर चुकी हैं, जिससे वह इस चुनौती को पूरा करने की मजबूत स्थिति में पहुंच गई हैं। दुनिया की सबसे कठोर और चुनौतीपूर्ण चोटियों में गिने जाने वाले माउंट विंसन पर अत्यधिक ठंड, पूर्ण एकांत और अंटार्कटिका के अप्रत्याशित मौसम जैसी कठिन परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है। कविता का यह अभियान 3 दिसंबर को भारत से रवाना होने के साथ शुरू हुआ। वह 4 दिसंबर की शाम चिली के पुंटा एरेनास पहुंचीं और 7 दिसंबर की दोपहर यूनियन ग्लेशियर के लिए उड़ान भरी। उसी दिन बाद में वह लगभग 2,100 मीटर की ऊंचाई पर स्थित विंसन बेस कैंप पहुंचीं। यूनियन ग्लेशियर से बेस कैंप तक का अंतिम सफर स्की-सुसज्जित छोटे विमान से लगभग



40 मिनट में पूरा किया गया, जो अंटार्कटिका अभियानों से जुड़ी जटिल लॉजिस्टिक्स को दर्शाता है। इस अभियान का नेतृत्व प्रसिद्ध हाई-एल्टीट्यूड गाइड मिंग्मा डेविड शेरपा ने किया। भारतीय दल को अनुभवी पर्वतारोही भरत थम्मिनेनी और उनकी एक्सपेडिशन कंपनी 'बूट्स एंड क्रैम्पन' का सहयोग प्राप्त रहा। उनके मार्गदर्शन में नौ सदस्यीय भारतीय टीम ने शिखर तक सफलतापूर्वक पहुंच बनाई, जहां सावधानीपूर्वक योजना, उचित अनुकूलन (एक्लिमेटाइजेशन) और मौके पर मजबूत समन्वय ने अति-प्रतिकूल अंटार्कटिक परिस्थितियों से निपटने में निर्णायक भूमिका निभाई। अपनी इस उपलब्धि पर प्रतिक्रिया देते हुए कविता चंद ने कहा, "माउंट विंसन के शिखर पर भारतीय तिरंगा फहराना शब्दों से परे एक सम्मान है। मैं उम्मीद करती हूं कि यह उपलब्धि पेशेवरों को यह विश्वास दिलाएगी कि फिटनेस, महत्वाकांक्षा और करियर की सफलता एक साथ आगे बढ़ सकती हैं।" पर्वतारोहण के अलावा कविता ने एंड्योरेंस रनिंग के क्षेत्र में भी अपनी अलग पहचान बनाई है। वह एक समर्पित मैराथन धावक हैं और अपनी आयु वर्ग में दिल्ली और मुंबई हाइरॉक्स 2025 प्रतियोगिताओं की विजेता रह चुकी हैं। इसके साथ ही वह प्रतिष्ठित एबॉट वर्ल्ड मैराथन मेजर्स सिक्स स्टार चौलेंज की छह में से तीन मैराथन पूरी कर चुकी हैं। पूर्व में मीडिया क्षेत्र से जुड़ी रहीं कविता ने 2024 में अपने कॉरपोरेट करियर से हटकर पूरी तरह फिटनेस को समर्पित होने का निर्णायक कदम उठाया, जिसे वह अपने जीवन का परिवर्तनकारी मोड़ मानती हैं। उन्होंने 2017 में दौड़ना शुरू किया और 2024 में पर्वतारोहण अपनाया, जो उनके अपेक्षाकृत हालिया लेकिन तेजी से विकसित होते एथलेटिक सफर को दर्शाता है। मां बनने के बाद गंभीर फिटनेस को अपनाने वाली कविता आज उन पेशेवरों के लिए एक प्रेरणास्रोत बनकर उभरी हैं, जो संतुलन, मानसिक दृढ़ता और दीर्घकालिक स्वास्थ्य की तलाश में हैं। कविता के पति दीपक चंद ठाकुर, जो एनपीएसटी के सीईओ और सह-संस्थापक हैं, उनके पूरे सफर में निरंतर सहयोग और समर्थन का मजबूत स्तंभ रहे हैं। अंटार्कटिका की बर्फीली चोटी को पीछे छोड़ते हुए और आगे और भी बड़ी चुनौतियों की ओर कदम बढ़ाते हुए, कविता चंद लगातार सीमाएं लांघ रही हैं और इस यात्रा में अपनी उत्तराखंड की जड़ों को गर्व के साथ दुनिया की सबसे ऊंची चोटियों तक ले जा रही हैं।

# बेहड़ ने दिल्ली में आयोजित कांग्रेस महारैली की सफलता पर कार्यकर्ताओं का जताया आभार

किच्छा। दिल्ली के रामलीला मैदान में राहुल गांधी के नेतृत्व में आयोजित ऐतिहासिक "वोट चोर गद्दी छोड़" महारैली को सफल बनाने के लिए किच्छा विधानसभा क्षेत्र के समस्त कांग्रेस कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों, वरिष्ठ नेताओं और जनता के प्रति विधायक तिलक राज बेहड़ ने आभार व्यक्त किया।विधायक बेहड़ ने बताया कि उनके नेतृत्व में किच्छा, रुद्रपुर और गदरपुर क्षेत्र से लगभग 100 गाड़ियों के काफिले के साथ करीब 500 कांग्रेसजनों ने दिल्ली पहुंचकर इस महारैली में भाग लिया। पूरे देश भर से भारी संख्या में इस महा रैली में लोगों ने शिरकत की, जिसमें उत्तराखंड से भी बड़ी तादाद में कार्यकर्ता शामिल हुए। इस विशाल सहभागिता के कारण कार्यक्रम अत्यंत सफल रहा। उन्होंने कहा कि इस सफलता से कार्यकर्ताओं में नया उत्साह, ऊर्जा और संगठनात्मक मजबूती देखने को मिली है।विधायक ने कहा कि इस महारैली ने देशभर में कांग्रेस पार्टी के प्रति सकारात्मक माहौल तैयार किया है। आम जनता में लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए नई चेतना जागृत हुई है। उन्होंने इस सफल आयोजन के लिए कांग्रेस के केंद्रीय नेतृत्व को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं। साथ ही, कार्यक्रम में शिरकत करने वाले समस्त कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों का विशेष रूप से आभार व्यक्त किया। तिलक राज बेहड़ ने विश्वास व्यक्त किया कि इस जनसमर्थन का प्रभाव आने वाले समय में दिखाई देगा। उन्होंने कहा कि वर्ष 2027 में उत्तराखंड में कांग्रेस की सरकार जनआशीर्वाद और जनता की संकल्पशक्ति के साथ बनेगी।



# विश्वविद्यालय में सीएडी और टैक्सटाइल्स पर ऑनलाइन अतिथि व्याख्यान आयोजित

पंतनगर (उद संवाददाता)। पंतनगर विश्वविद्यालय के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय के परिधान एवं वस्त्र विज्ञान विभाग द्वारा 'सीएडी एण्ड टैक्सटाइल्स: इन्नोवेशन्स फार द वे फारवर्ड' विषय पर एक ऑनलाइन अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की मुख्य वक्ता बफेलो स्टेट यूनिवर्सिटी, न्यूयॉर्क (यूएसए) की सहायक प्राध्यापक डा. ममता सहारन रहीं। व्याख्यान का आयोजन विभाग की प्रोफेसर डा. अनीता रानी ने किया। विभागाध्यक्ष डा. मनीषा गहलोत, संकाय सदस्य और एम.एससी., पीएच.डी. तथा स्नातक स्तर के विद्यार्थी ऑनलाइन सत्र में शामिल हुए। अपने संबोधन में डा. सहारन ने वस्त्र उद्योग में कंप्यूटर एडेड डिजाइन (सीएडी) की बढ़ती भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि सीएडी तकनीक मैटीरियल रेंडरिंग, थ्री-डी सिमुलेशन और वर्चुअल विजुअला इजेशन के माध्यम से डिजाइन प्रक्रिया को और अधिक प्रभावी बनाती है। इसके अलावा, यह तकनीक डिजिटल टूल और रैपिड प्रोटोटाइपिंग की मांग को पूरा करने के साथ भौतिक सैंपलिंग और अपशिष्ट को कम कर सतत विकास को भी बढ़ावा देती है। डा. सहारन ने एडोब सॉफ्टवेयर एप्लीकेशन जैसे सब्सटेंस 3डी सैम्पलर, डिजाइनर और स्टेजर का लाइव प्रदर्शन किया। उन्होंने बताया कि इन सॉफ्टवेयर के नि:शुल्क संस्करण छात्रों और शिक्षकों के लिए उपलब्ध हैं। उन्होंने यह भी समझाया कि किस प्रकार 2डी इमेज को 3डी डिजिटल फैब्रिक में परिवर्तित किया जा सकता है और वैश्विक स्तर पर डिजाइन साझा किए जा सकते हैं। व्याख्यान में छात्रों द्वारा तैयार डिजिटल पोर्टफोलियो और शोध प्रयोगों के उदाहरण भी प्रस्तुत किए गए। डा. सहारन ने यह भी बताया कि सीएडी तकनीक का उपयोग वर्चुअल प्लेटफॉर्म पर डिजाइन प्रदर्शन, निर्माताओं से संवाद और उपभोक्ताओं के लिए वर्चुअल ट्राय-ऑन में किया जा रहा है, जिसे विश्व की कई प्रमुख ब्रांड्स अपनाती हैं। कार्यक्रम का समापन प्रश्नोत्तर सत्र और धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। व्याख्यान में शामिल 39 प्रतिभागियों ने सीएडी सॉफ्टवेयर के उपयोग और नवाचारों को लेकर गहरी रुचि और उत्साह व्यक्त किया।

# यूपी के ओबीसी वोट बैंक में भाजपा की सेंध

उत्तर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष की कुर्सी पर आलाकमान ने एक बार फिर पिछड़ा वर्ग यानी ओबीसी समाज से आने वाले नेता को बिठाकर यह स्पष्ट संदेश दिया है कि वह दलितों के साथ-साथ ओबीसी को भी पार्टी से और मजबूती से जोड़ना चाहता है। ओबीसी वोटरों को लुभाने के उद्देश्य से ही सात बार के सांसद पंकज चौधरी को नया प्रदेश अध्यक्ष चुना गया है। भाजपा उनके सहारे समाजवादी पार्टी के ओबीसी वोट बैंक में सेंध लगाने की रणनीति पर काम कर रही है। उत्तर प्रदेश भाजपा की संगठन कमान संभालने वाले पहले कुर्मी नेता के रूप में पंकज पर आलाकमान का दांव आगामी विधानसभा चुनाव में सपा के पीडीए दांव को कमजोर करने की कोशिश के रूप में देखा जा रहा है। ठीक वैसे ही जैसे भाजपा ओबीसी और कुर्मी वोट को अपने पाले में लाना चाहती है, वैसे ही कुर्मी समाज की उनसे अपेक्षाएं कहीं अधिक हैं। उत्तर प्रदेश में कुर्मी जाति की कुल आबादी लगभग डेढ़ करोड़ आंकी जाती है, जो राज्य की जनसंख्या का सात से आठ प्रतिशत बनाती है। यह समाज मुख्य रूप से पूर्वांचल के गोरखपुर, देवरिया, बलिया, आजमगढ़ और वाराणसी जैसे जिलों में फैला हुआ है, जबकि बुंदेलखंड और अवध के कुछ हिस्सों में भी इसकी अच्छी-खासी उपस्थिति है। खेती बाड़ी और छोटे कारोबार से जुड़े इस समाज को राजनीतिक रूप से जागरूक माना जाता है, और कुर्मी वोट बैंक हमेशा चुनावी समीकरण बदलने वाला साबित होता रहा है। पंकज चौधरी का संगठनिक सफर लंबा और संघर्षपूर्ण रहा है। महराजगंज जिले के ठेकामा के मूल निवासी पंकज छात्र जीवन से ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े। संघ की शाखाओं में सक्रिय भागीदारी से उनका राजनीतिक सफर शुरू हुआ, जो बाद में भाजपा युवा मोर्चा तक पहुंचा। महराजगंज से जिला स्तर और प्रदेश स्तर तक उन्होंने संगठन को मजबूत किया, चुनाव प्रचार अभियान चलाए तथा कई प्रत्याशियों की जीत में अहम भूमिका निभाई। 2014 के लोकसभा चुनाव में भानु प्रताप वर्मा की जीत में उनकी मेहनत सराहनीय रही। वे 1996 में सोनभद्र से पहली बार विधायक बने, फिर 2002, 2007 और 2012 तक चंदौली से लगातार विजयी रहे। 2017 और 2022 में महराजगंज से जीत हासिल की। कुर्मी बाहुल्य क्षेत्रों में संगठन खड़ा करने के अलावा वे प्रदेश कार्य समिति सदस्य और कार्यकारिणी सदस्य के रूप में भी सक्रिय रहे। हल्के से शीर्ष स्तर तक का अनुभव उन्हें दुर्लभ बनाता हैकृवे सड़क से सत्ता तक का सफर तय कर चुके हैं। हाल ही में भोपाल में हुई भाजपा की प्रदेश अध्यक्ष



चयन प्रक्रिया में पंकज चौधरी का नामांकन वरिष्ठ नेता लक्ष्मीकांत वाजपेयी और राधा मोहन सिंह ने प्रस्तावित किया, जो आलाकमान के पूर्ण समर्थन को दर्शाता है। पंकज के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से गहरे और पुराने रिश्ते हैं। गोरखपुर से सांसद रहते योगी ने उन्हें महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपीं। योगी सरकार बनने पर वे कैबिनेट मंत्री बने तथा पशुपालन और डेयरी विकास विभाग संभाला। इस दौरान कुर्मी समाज के हितों को ध्यान में रखते हुए कई योजनाएं लागू कीं। योगी के प्रति उनकी निष्ठा अटल रही। संघ परिवार से उनका गहरा जुड़ाव है, जबकि अमित शाह और जेपी नड्डा से निकट संबंध हैं। शाह के यूपी दौरे की संगठनिक तैयारियां पंकज ही संभालते रहे, और नड्डा ने उनकी नियुक्ति पर खुशी जताई। ये रिश्ते उन्हें संगठन में मजबूत आधार प्रदान करते हैं। पंकज चौधरी भाजपा के लिए तुरुप का पत्ता साबित हो सकते हैं, खासकर कुर्मी समाज की मजबूत पकड़ के कारण। उत्तर प्रदेश में कुर्मी वोटर पारंपरिक रूप से सपा या बसपा की ओर झुकते रहे हैं, लेकिन उनकी नियुक्ति से भाजपा को इस समाज को लुभाने का सुनहरा अवसर मिला है। 2024 के लोकसभा चुनावों में गोरखपुर, देवरिया और महराजगंज जैसे कुर्मी बाहुल्य इलाकों में भाजपा को नुकसान हुआ था, जहां स्वामी प्रसाद मौर्य के पार्टी छोड़ने से असंतोष बढ़ा। पंकज इस कमी को पूरा कर सकते हैंकृकुर्मी युवाओं को जोड़ेंगे, नेताओं को बढ़ावा देंगे तथा योगी के खिलाफ कुर्मी विरोधी मिथक तोड़ेंगे। ठाकुर समाज से आने वाले योगी के नेतृत्व में कुर्मी-ठाकुर एकता का संदेश प्रसारित होगा। पूर्वांचल के कुर्मी किसानों तक किसान योजनाओं को पहुंचाने, लघु सिंचाई और डेयरी विकास पर जोर देकर पंकज ग्रामीण वोटरों को खुश करेंगे। महराजगंज से चंदौली तक फैले कुर्मी बेल्ट में संगठनिक सभाओं, युवा मोर्चा-किसान मोर्चा की सक्रियता, पदयात्राओं और धार्मिक आयोजनों में पार्टी की मौजूदगी बढ़ाएंगे। 2027 विधानसभा चुनावों से पहले यह रणनीति सपा-बसपा गठबंधन को चुनौती देगी, जहां कुर्मी वोट बंटवारा भाजपा की जीत का राज होगा। बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं को जगाने वाले अनुभवी संगठनकर्ता के रूप में वे सामाजिक स्वीकार्यता हासिल करेंगे। राष्ट्रीय स्तर पर भी लाभ होगा, क्योंकि कुर्मी समाज बिहार और झारखंड में प्रभावशाली है। पंकज की सफलता से भाजपा का पैन-इंडिया पिछड़ा वर्ग एजेंडा मजबूत बनेगा, और आलाकमान उन्हें राष्ट्रीय महासचिव जैसे पद दे सकता है। योगी सरकार के लिए यह राहत हैकृमंत्री पद छोड़कर संगठन चुनना उनका बड़ा बलिदान है, जो विपक्ष के आरोपों का मुंहतोड़ जवाब बनेगा। उपचुनावों और महानगर निगम चुनावों में कुर्मी वोट झुकाव देंगे। पंकज इसलिए तुरुप का पत्ता हैं क्योंकि कुर्मी समाज अब भाजपा को अपना मानने लगा है। उनकी नियुक्ति उत्तर प्रदेश के बदलते राजनीतिक परिदृश्य की सूत्रधार बनेगी पूर्वांचल को किलेबंद करेगी. कुल मिलाकर, पंकज चौधरी भाजपा के लिए वरदान सिद्ध होंगे, उनकी कुर्सी पर कुर्मी समाज की सारी उम्मीदें टिकी हैं। संगठन को नई ऊर्जा मिलेगी और चुनावी जीत का मार्ग प्रशस्त होगा। यह रणनीतिक चाल लंबे समय तक फलदायी रहेगी।

**संजय सक्सेना,वरिष्ठ पत्रकार**

# वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी ऑस्ट्रेलिया में छात्रों को ड्यूल डिग्री के अवसर

पंतनगर(उद संवाददाता)। विश्वविद्यालय के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय में एक शैक्षिक वार्ता आयोजित की गई। अधिष्ठात्री सामुदायिक महाविद्यालय के दिशा-निर्देशन में इस वार्ता का आयोजन किया गया। महाविद्यालय की कार्यवाहक अधिष्ठात्री डा. सीमा क्वात्रा, प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष, रिसोर्स मैनेजमेंट एण्ड कंज्यूमर साइंस ने इस वार्ता का संचालन किया। डा. सिन्धु ष्योरन वर्तमान में वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी, ऑस्ट्रेलिया में सीनियर रिसर्च प्रोग्राम को-ऑर्डिनेटर के पद पर कार्यरत हैं एवं ड्यूल डिग्री कार्यक्रम से जुड़ी हुई हैं। यह कार्यक्रम डा. एच.जे. शिवा प्रसाद, प्रोफेसर एवं निदेशक अंतर्राष्ट्रीय मामले की अध्यक्षता में किया गया। इस कार्यक्रम में सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय के विभिन्न विभागाध्यक्ष डा. अदिती वत्स, डा. अनुपमा पाण्डे, डा. अर्चना कुशवाहा एवं डा. अनीता रानी ने भी प्रतिभाग किया और छात्रों को प्रोत्साहित किया। इसके अतिरिक्त कार्यक्रम में डा. श्वेता चौधरी, डा. अनीता एवं डा. केसरवानी भी उपस्थित थे। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता डा. सिन्धु योरन ने विभिन्न महाविद्यालयों के छात्रों को सम्बोधित करते हुए बताया कि वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी ऑस्ट्रेलिया में ड्यूल डिग्री के अवसर सभी स्नातक, स्नातकोत्तर एवं पीएच.डी. छात्रों के लिए उपलब्ध हैं। भारतीय छात्रों के लिए विदेष में अपने षोध कार्य को आगे बढ़ाने का उत्कृश्ट अवसर वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी में उपलब्ध है और इस कार्यक्रम में 100 प्रतिषत षुल्क क्षमा एवं विभिन्न छात्रवृत्तियां भी षामिल हैं। यह कार्यक्रम पंतनगर कृशि विष्वविद्यालय एवं वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी के बीच हुए एमओयू के तहत संचालित किया जा रहा है, जिससे छात्रों को दोनों विष्वविद्यालयों की डिग्री प्राप्त होगी और उन्हें वैष्विक अधिक से अधिक उत्कृश्ट रोजगार मिलेंगे। डा. सिन्धु ने यह भी अवगत कराया कि वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी द्वारा वर्ष 2027 में भारत, नोएडा में एक एक्सटेंडेड इंस्टीट्यूट स्थापित किया जा रहा है जिसमें एमबीए और एमएससी की डिग्री सस्टेनेबल वाटर फ्यूचर पर आधारित होगी। इसमें छात्रों को शुरू के एक वर्ष में वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी ऑस्ट्रेलिया गये बिना ही वहां का षैक्षणिक वातावरण दिया जाएगा जिसके उपरांत दूसरे वर्ष में छात्र वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी ऑस्ट्रेलिया में प्रवेश करेंगे। कार्यक्रम का समापन कार्यवाहक अधिष्ठात्री डा. सीमा क्वात्रा द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में छात्रों ने ड्यूल डिग्री के प्रति अपनी इच्छा दर्शाते हुए विभिन्न प्रश्नों के माध्यम से अपनी संकायें पूछें और डा. सिन्धु ने बहुत ही सरल शब्दों में उनके प्रश्नों के उत्तर दिये।



# परफ्यूम बनाने वाली फैक्टरी में लगी भीषण आग, सिलेंडर फटे

सेलाकुई। औद्योगिक क्षेत्र में अकबर कॉलोनी के पास स्थित श्री बालाजी इंस्डट्रीज की फैक्टरी में रविवार को भीषण आग लग गई। एक के बाद एक सिलिंडर फटने से धमाके होने लगे। घटना में दो कर्मचारी मामूली तौर पर झुलसे हैं। अग्निशमनकर्मियों ने करीब पांच घंटे 10 मिनट की कड़ी मशक्कत और सेलाकुई के साथ देहरादून, ऋषिकेश, विकासनगर व हरिद्वार से मंगवाए गए 14 अग्निशमन वाहनों की मदद से आग पर काबू पाया। पुलिस को दोपहर करीब 1.50 बजे फरफ्यूम बनाने वाली बालाजी इंस्डट्रीज की फैक्टरी में आग लगने की सूचना मिली। थाना प्रभारी पीडी भट्टी पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। तब तक फैक्टरी में मौजूद 10-12 कर्मचारी भागकर बाहर आ चुके थे। दो कर्मचारी मामूली तौर पर झुलसे थे। सूचना पर अग्निशमन विभाग की टीम भी मौके पर पहुंच गई। अगलगी के बीच फैक्टरी में लगातार सिलिंडर के धमाके हो रहे थे। आग की बड़ी-बड़ी लपटें बगल में स्थित सीट कवर बनाने की फैक्टरी और डिक्सन कंपनी के गोदाम तक पहुंचने लगी। मौके पर पहुंचे एसपी देहात ने जिले के साथ हरिद्वार से भी अग्निशमन वाहन मंगवाए। शाम करीब सात बजे आग पर काबू पाया गया। इस दौरान फैक्टरी में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया।



# साईबर अपराध से बचाव की दी जानकारी

रानीखेत (उद संवाददाता)। स्वर्गीय श्री जय दत्त वैला स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रानीखेत में शनिवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अल्मोड़ा एवं महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में विधिक साक्षरता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत "साइबर क्राइम एवं साइबर सुरक्षा" विषय पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पुलिस विभाग से सब इंस्पेक्टर हेमा कार्की तथा सिविल जज श्रीमती जसमीत कौर ने विद्यार्थियों को साइबर अपराध के विभिन्न प्रकारों, उनसे बचाव के उपायों, सुरक्षित डिजिटल व्यवहार, सोशल मीडिया के जिम्मेदार उपयोग तथा ऑनलाइन ठगी से सतर्क रहने के संबंध में विस्तृत एवं उपयोगी जानकारी प्रदान की। वक्ताओं ने विद्यार्थियों को किसी भी संदिग्ध ऑनलाइन गतिविधि की स्थिति में तत्परता से संबंधित विभागों से संपर्क करने एवं टोल फ्री नम्बर में कॉल करने की सलाह दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. पुष्पेश पांडे ने की। अपने अध्यक्षीय संबोधन में उन्होंने साइबर युग में जागरूकता एवं विधिक ज्ञान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए ऐसे कार्यक्रमों को समय की आवश्यकता बताया। कार्यक्रम का संचालन राजनीति विज्ञान विभाग के प्रभारी डॉ. बृजेश कुमार जोशी ने किया। कार्यक्रम में अधिकार मित्र मौहम्मद वसीम, महाविद्यालय के प्राध्यापकगण, कर्मचारीगण एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। अंत में उपस्थित सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया।



# कुंडेश्वरी टांडा उज्जैन व पैगा चौकी क्षेत्र में कानून व्यवस्था पटरी से नीचे

काशीपुर। कुंडेश्वरी टांडा उज्जैन व राज्य की सीमा पर स्थापित पैगा पुलिस चौकी क्षेत्र में कानून व्यवस्था पटरी से नीचे है। सूत्रों की माने तो उपरोक्त चौकी क्षेत्रों में जुगाड़ के बूते लंबे समय से जमे हेकड़ किस्म के पुलिसकर्मी (कारखास) जरायम कारोबार के बदले सुविधा शुल्क वसूल कर रहे हैं। आरोप है कि कारखास का लबादा ओढ़कर मित्र पुलिस के यह जवान कहीं ना कहीं अपराधी तत्वों एवं नशे के नेटवर्क से जुड़े तस्करों से भी गंठजोड़ में हैं। माना जा रहा है कि उच्च स्तरीय जांच में ऐसे तमाम चेहरे बड़ी ही आसानी से बेनकाब हो सकते हैं। जानकारी के मुताबिक अलीगंज रोड पर राज्य की सीमा के करीब सुरक्षा के लिहाज से पैगा पुलिस चौकी स्थापित है। बताते हैं कि वर्तमान में चौकी में तैनात कुछ पुलिस कर्मियों की बदौलत कानून व्यवस्था का बुरा हाल है। सुविधा शुल्क लेकर सुबह सवेरे यूपी के संभल आदि क्षेत्रों से आने ईंट भरे वाहनों को राज्य की सीमा में प्रवेश देने का काम किया जा रहा है। इसी तरह आवर हाइट एवं ओवरलोड वाहनों के अलावा लक्कड़ से लदे वाहनों से पुलिस का हफ्ता फिक्स है। उपरोक्त चौकी क्षेत्र में दो दर्जन से अधिक स्थानों पर अवैध कच्ची शराब के महफूज अड्डे आबाद है। वहीं वीरपुर कटैया आदि गांवों में पुलिस के संरक्षण में अवैध कच्ची शराब की भट्ठियां खुले आम धधक रही है। इसी तरह टांडा उज्जैन चौकी क्षेत्र में दो प्राइवेट व्यक्ति पिछले कई वर्षों से अवैध वसूली में लिप्त बताई जा रहे हैं। पुलिस के लिए अवैध वसूली करने वाले इन दोनों व्यक्तियों को क्षेत्र के लगभग सभी लोग जानते हैं। अक्सर यह दोनों पुलिस चौकी के आसपास सक्रिय देखे जाते हैं। इसी तरह कुंडेश्वरी चौकी क्षेत्र अवैध खनन एवं जहरीली कच्ची शराब के लिए आज भी कुख्यात है। इस चौकी क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले आधा दर्जन गांवों में जहरीली शराब का गैर कानूनी कारोबार खूब फल फूल रहा है। इस चौकी क्षेत्र में दर्जनों स्टोन क्रशर नियम कानून को ताक पर रखकर संचालित है। कोशी के कुछ घाटों पर चोरी छिपे अवैध खनन की सूचना है।

# हल्द्वानी तहसील में 5 साल में बने 89 प्रमाण पत्र निरस्त

हल्द्वानी। हल्द्वानी तहसील क्षेत्र में पिछले पांच सालों के भीतर जारी किए गए स्थाई निवास और जाति प्रमाण पत्रों की जांच प्रक्रिया ने अब रफ्तार पकड़ ली है। प्रशासन द्वारा गठित जांच समिति ने प्रारंभिक जांच में अब तक 89 प्रमाण पत्रों को अपूर्ण और संदिग्ध मानते हुए निरस्त कर दिया है। इनमें बड़ी संख्या में निवास और जाति प्रमाण पत्र शामिल बताए जा रहे हैं। बता दें यह कार्रवाई मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के उस निर्देश के बाद की जा रही है, जिसमें राज्य में सामने आए डेमोग्राफी चेंज से जुड़े मामलों को गंभीरता से लेते हुए सभी जिलों में पिछले पांच सालों के प्रमाण पत्रों की गहन जांच के आदेश दिए गए थे। सीएम धामी के निर्देशों के अनुपालन में हल्द्वानी परगना क्षेत्र में भी एक विशेष जांच समिति का गठन किया गया है। समिति द्वारा अब तक 2 हजार से अधिक प्रमाण पत्रों की प्रारंभिक जांच की जा चुकी है। जांच के दौरान 89 प्रमाण पत्र ऐसे पाए गए जिनमें आवश्यक दस्तावेज अधूरे थे या जिनकी वैधता संदिग्ध पाई गई। ऐसे सभी प्रमाण पत्रों को तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया गया है। अधिकारियों का कहना है कि यह केवल शुरुआती चरण की कार्रवाई है और जांच का दायरा आगे और बढ़ाया जाएगा।

# साइबर ठगो ने शेयर मार्केट में निवेश पर मुनाफे का झांसा देकर 52.97 लाख ठगे

देहरादून। साइबर ठगों ने रक्षा सार्वजनिक उपक्रम से सेवानिवृत्त उप महाप्रबंधक को शेयर मार्केट में निवेश पर मुनाफे का झांसा देकर 52.97 लाख रुपये ठग लिए। इस मामले में साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज की गई है। पुलिस को दी तहरीर में अरुण कुमार निवासी केदारपुरम ने बताया कि वह बंगलुरू स्थित रक्षा सार्वजनिक उपक्रम से उप महाप्रबंधक पद से सेवानिवृत्त हैं। अक्टूबर माह में नेहा नोमुरा नामक महिला ने उनसे वाट्सएप के माध्यम से संपर्क किया और शेयर मार्केट के बारे में जानकारी देते हुए कई प्लान भेजे।पांच नवंबर को नेहा नोमुरा ने नोमुरा फाइनेंशियल एडवाइजरी एंड सिक्योरिटीज (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड का सेबी का पंजीकरण प्रमाणपत्र भेजा, जिस पर कार्यालय का पता वर्ली, मुंबई लिखा था।इसके बाद नेहा ने उन्हें लिंक भेजा और पंजीकरण करा दिया। महिला ने उन्हें ट्रेडिंग शुरू करने के लिए 5000 रुपये जमा करने के लिए कहा। पांच नवंबर को उन्होंने 5000 रुपये जमा कर दिए। इसके बाद उन्होंने पांच नवंबर से चार दिसंबर तक कुल 36 लेनदेन किए और कुल 52.97 लाख रुपये जमा कराए।चार दिसंबर को उन्होंने अपनी रकम निकालने का अनुरोध किया तो ठगों ने सेवा शुल्क जमा करने को कहा। आठ दिसंबर को उन्होंने नेहा नोमुरा से संपर्क किया तो उसने कहा कि रकम निकालने से पहले डेढ़ लाख रुपये और जमा करने होंगे। इसके बाद उन्हें ठगी का एहसास हुआ।

## पेज एक का शेष...

**खाई में गिरी ...**अस्पताल में जारी है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि हादसे के कारणों की जांच की जा रही है, लेकिन प्रारंभिक जांच में वाहन की अधिक गति और ड्राइवर के नियंत्रण खोने की आशंका जताई जा रही है। सब-इंस्पेक्टर सुरेंद्र सिंह ने बताया कि खाई का भू-भाग काफी कठिन था, और रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान टीम ने हर संभव सावधानी बरती। उन्होंने कहा एसडीआरएफ की टीम ने अपने प्रशिक्षण और अनुभव का उपयोग करते हुए सभी घायलों को सुरक्षित बाहर निकालने में सफलता हासिल की। यह प्रयास पूरी तरह समयबद्ध और कुशल था, जिससे किसी और अप्रिय घटना को टाला जा सका। स्थानीय लोग भी घटनास्थल पर जुट गए और उन्होंने रेस्क्यू टीम की तत्परता और कार्यकुशलता की खुले दिल से प्रशंसा की। पुलिस ने बताया कि घायलों के परिजनों को तत्काल घटना की सूचना दे दी गई है।

**घर से बाइक और ...**वाला राजेन्द्र कश्यप अपने परिवार के साथ निवास करता है। उसने बताया कि गत रविवार की रात्रि वह अपनी पत्नी सुनीता, भतीजी स्वाति, पुत्र अधिराज व पुत्री सलोनी के साथ दोमंजिल पर टीन की छत के कमरे में सोया था। उसका कहना था कि आज तड़के करीब पौने चार बजे जब वह उठा तो उसकी पेंट गायब थी जिसमें लगभग 20 हजार रूपये की नगदी थी और कमरे में रखा उसका मोबाईल भी नहीं मिला। राजेन्द्र ने बताया जब वह दोमंजिल से नीचे उतरकर आया तो देखा घर के भीतर खड़ी उसकी मोटरसाईकिल संख्या यूके 06 एएस 5333 भी नदारद थी। जिस पर उसने अपने परिजनों को उठाया। सुबह होने पर उसने घटना की सूचना पुलिस को दी। जिस पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया और राजेन्द्र से घटना की विस्तार से जानकारी ली। पुलिस ने कालोनी में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी देखी। इधर कालोनी में बढ़ती चोरी की घटनाओं से लोगों में रोष भड़क गया। उन्होंने बताया कि पूर्व में यहां मंदिर में चोरी के साथ ही कई घरों में चोरी की वारदात घटित हो चुकी है। परंतु पुलिस किसी भी घटना का खुलासा नहीं कर पाई है। राजेन्द्र ने घटना की तहरीर पुलिस को दे दी है।

**सरदार बल्लभ भाई पटेल..**मुख्यमंत्री धामी ने अपने संबोधन में कहा कि "सरदार पटेल का राष्ट्रहित के प्रति अटल संकल्प, अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठा हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उनकी दूरदर्शिता और साहस ने भारत को अलग-अलग रियासतों और प्रांतों से एक मजबूत राष्ट्र बनाने में मदद की। उनके प्रयासों के बिना हमारा आज का भारत संभव नहीं होता।उन्होंने आगे कहा कि "सरदार पटेल ने यह सिद्ध कर दिया कि नेतृत्व केवल शक्ति का उपयोग नहीं है, बल्कि देशभक्ति, विवेक और दृढ़ संकल्प का समन्वय है। देश की एकता, अखंडता और समरसता के लिए उनका योगदान सदैव अविस्मरणीय रहेगा। हम सभी को उनके आदर्शों और सिद्धांतों से प्रेरणा लेनी चाहिए और राष्ट्र निर्माण में उनके सपनों को साकार करने का प्रयास करना चाहिए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री आवास में उपस्थित अधिकारियों और आम नागरिकों ने भी सरदार पटेल को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके विचारों और देशभक्ति को याद किया।

**मुख्यमंत्री धामी ने ..**आस्था और संस्कार समाज को एकजुट रखने के साथ सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करते हैं। दर्शन और पूजा के उपरांत मुख्यमंत्री ने उत्तराखंड राज्य में  क्षेत्र में निरंतर प्रगति हो तथा प्राकृतिक आपदाओं से प्रदेश सुरक्षित रहे की भी कामना की। उनकी इस धार्मिक यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं और प्रदेशवासियों में विशेष उत्साह और आस्था का वातावरण देखने को मिला।

**सड़क हादसे ...**लेकिन वहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। हादसे की खबर फैलते ही मृतक के घर में कोहराम मच गया और स्थानीय लोग मृतक के घर पर जमा हो गए। पुलिस ने बताया कि अज्ञात वाहन चालक की पहचान और गिरफ्तारी के लिए जांच जारी है।

**राजकुमार ...**लगे और जान से मारने की धमकी देने लगे। मौके पर भीड़ जुटने पर हमलावर मौके से फरार हो गये। इस दौरान धक्का मुक्की में हमलावरों का लोडेड तमंचा भी मौके पर गिर गया जिसे पुलिस ने कब्जे में लिया है। घटना के बाद आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर धरने पर बैठे पूर्व विधायक ठुकराल ने कहा कि हमलावर पूर्व में भी राजू गुप्ता को निशाना बना चुके हैं और धमकी दे चुके है, जिसको लेकर पूर्व में भी उनके खिलाफ तहरीर दी गयी थी। ठुकराल ने कहा कि हमलावर आपराधिक प्रवृत्ति का है और उस पर कई मुकदमे दर्ज है। रात करीब ढाई बजे पुलिस अधिकारियों ने आरोपी की सुबह तक गिरफ्तारी करने का आश्वासन दिया जिसके बाद ठुकराल ने धरना समाप्त कर दिया। धरने पर उनके साथ संजय ठुकराल, मनीष बिष्ट, केरू मण्डल, आनंद शर्मा, छेदा लाल पाल, गगन ग्रोवर, आशीष श्रीवास्तव, सोनू कोली, अमित कोली, अमन पोपली, शानू सहित रम्पुरा के तमाम लोग मौजूद रहे।


**सूचना नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैने अपना नाम SAJJAD ALI से बदलकर SAJJAD MIYAN रख लिया है मुझे भविष्य में इसी नाम से जाना और पहचाना जाए ।

सज्जाद मियां पुत्र जाकिर हुसैन
वार्ड 10,किच्छा, उधमसिंहनगर

**सूचना नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैने अपना नाम MUHAMMAD ARIF MALIK से बदलकर ARIF MALIK मलिक रख लिया है मुझे भविष्य में इसी नाम से जाना जाए ।

आरिफ मलिक पुत्र सादिक हुसैन
लालपुर,उधमसिंहनगर



संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर ( उत्तराखण्ड )से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# सामूहिक विवाह में 17 नव दम्पत्ति बंधे परिणय सूत्र में

## जिंदगी जिंदाबाद समिति ने आयोजित किया सामूहिक विवाह ,अनेक गणमान्य लोगों ने दिया नव दम्पत्ति को आर्शीवाद

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। सामाजिक संस्था जिंदगी जिंदाबाद समिति द्वारा आज सिटी क्लब में पांचवां सामूहिक विवाह समारोह आयोजित किया गया। जिसमें 17 वर वधूओं का विवाह करवाया गया। इस इस मौके पर विभिन्न राजनीतिक, धार्मिक और सामाजिक संगठनों से जुड़े लोगों ने नव दंपत्ति को सुखी दाम्पत्य जीवन का आशीर्वाद दिया। जिंदगी जिंदाबाद समिति के संस्थापक करमजीत सिंह चानना ने बताया कि इन 17 जोड़ों में 6 दंपत्तियों का पंडित बाबूराम शर्मा द्वारा हिंदू रीति रिवाज से और 11नव दंपत्तियों का दशमेश नगर आवास विकास गुरुद्वारे में आनंद कारज कराकर सभी के सुखमय दाम्पत्य जीवन के लिए अरदास की गई । उन्होंने बताया कि जिंदगी जिंदाबाद समिति की ओर से गत दिनों पूरे जनपद में भ्रमण कर ऐसी 17 कन्याओं का चयन किया जिनका परिवार आर्थिक रूप से बेहद कमजोर है। जिंदगी जिंदाबाद समिति की ओर से उनके विवाह कराने का निर्णय लिया गया। जिसके चलते आज सिटी क्लब में पांचवें सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया और 17 नव दंपतियों ने अपने नए दाम्पत्य जीवन की शुरुआत की। इस सामूहिक विवाह में गुरु नानक नाम लेवा संगत और श्री गुरु तेग बहादुर जी वेलफेयर ट्रस्ट ने भी अपना सहयोग दिया। सामूहिक विवाह के आयोजन में विधायक शिव अरोरा, मेयर विकास शर्मा, भारत भूषण चुघ, प्रदीप बंसल, सुखबीर सिंह बेदी, सुखबीर सिंह भाटिया, जागीर सिंह, योगेन्द्र सिह, हरप्रीत सिंह, विकास शर्मा, विजय भूषण गर्ग, सुरेंद्र ग्रोवर ,अभिषेक अग्रवाल, सुखमीत सिंह, जितेंद्र पाल सिंह, डॉक्टर गौरव अग्रवाल, हरनाम चौधरी, प्रदीप बंसल, अशोक गांधी, अमित जिंदल , दीपक चराया, डा. केसी चन्दोला, चिराग माथुर, हरविन्दर सिंह ग्रोवर, दलजीत सिंह दासन, अजमेर सिंह बहल, गुरप्रीत ढिल्लन, मनिन्दर कौर, रविन्द्र सिंह, पुरूषोत्तम बंसल, पुनीत मि7ाल, बलराम अग्रवाल, विरेंन्द्र सिंह, चरणजीत सिंह खालसा, शिवेन सेठी, दिनेश श्यामपुरिया, उमेश बिष्ट, रितेश मनोचा,टोनी दासन, शरनजीत सिंह, राजेन्दर सिंह, प्रमोद मित्तल, कंवल जीत सिंह, नरेन्द्र भंडारी, गुरवीर सिंह बराड़, दीपक पाण्डेय, आदि ने सभी नव दंपतियों को अपना आशीर्वाद दिया। सामूहिक विवाह समारोह में आये अतिथियों ने कहा कि जिंदगी जिंदाबाद समिति का यह प्रयास बेहद सराहनीय हैं क्योंकि जिंदगी जिंदाबाद की टीम सदैव जनहित में कार्य करती है और पूर्व में भी सामूहिक विवाह का आयोजन करवा चुकी है ऐसे में समाज के सभी लोगों को बढ़-चढ़कर जिंदगी जिंदाबाद समिति का सहयोग करना चाहिए तथा उनके इस प्रयास की मुक्त कंठ से प्रशंसा करनी चाहिए। इस मौके पर आवास विकास गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ,गोल मार्केट गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी और पांच मंदिर के भी पदाधिकारी व सदस्य मौजूद थे । जिंदगी जिंदाबाद समिति के संस्थापक चानना ने बताया कि इससे पूर्व 88 जोड़ों का विवाह कराया जा चुका है और जिंदगी जिंदाबाद की टीम फूड बैंक भी चलाती है जहां प्रतिदिन सैकड़ो लोगों को मात्र 5 रूपये में भोजन उपलब्ध कराया जाता है । उन्होंने कहा कि जिंदगी जिंदाबाद टीम निरंतर समाज के उत्थान व असहायों की मदद के लिए प्रयासरत रहेगी । इस दौरान जिंदगी जिंदाबाद टीम से लवली लांबा, हरजिंदर सिंह लाडी, हरप्रीत सिंह, बलविंदर सिंह बल्लू, इकबाल सिंह, गुरविंदर सिंह, बलजीत सिंह, गुरजंट सिंह, गुरविंदर सिंह सोनू, परविन्दर सिंह, गणेश जोशी, हरजीत सिंह, दलजीत सिंह खालसा, हिमांशु सुखीजा, बलजीत कौर, प्रियंका सचदेवा, परमजीत कौर, पूजा चंदेल, मानवी, शिल्पा, सलोनी, रजवंत कौर, जसविन्दर कौर, सरिता कौर, जानवी, मनीषा, पूजा राठी, पूजा मेहरा, नीतू वर्मा, अनीता, किरन आदि ने कार्यक्रम के सफल आयोजन में पूरा सहयोग किया। कार्यक्रम का संचालन पूजा शर्मा व जुगल बल्लभ गोस्वामी ने किया।















## शोभायात्रा की तैयारी को लेकर विचार विमर्श

### ओबीसी मोर्चा के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष का स्वागत

गदरपुर(उद संवाददाता)। महाराजा शूरसेन सैनी की स्मृति में 25 दिसंबर को प्रस्तावित शोभायात्रा की तैयारी को लेकर सैनी समाज महासभा के पदाधिकारी की बैठक आयोजित की गई। ग्राम मजरा नरसिंह में सैनी महासभा के नगर अध्यक्ष राजू सिंह सैनी के आवास पर आयोजित बैठक में शोभायात्रा की तैयारी को लेकर चर्चा की गई। जिला अध्यक्ष गोपाल सिंह सैनी ने कहा कि 25 दिसंबर को किला बाजार काशीपुर से प्रातः दस बजे शोभा यात्रा निकाली जाएगी जो विभिन्न स्थानों से होते हुए सैनी महासभा भवन लक्ष्मीपुर पट्टी में संपन्न होगी। जिला महामंत्री कुंदन सिंह सैनी ने कहा सैनी समाज सभी वर्गों को साथ लेकर कार्य कर रहा है। इस दौरान भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष महेश प्रजापति का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। उन्होंने कहा सैनी महासभा से जुड़े सैनी, कुशवाहा, मौर्य, शाक्य, माली और स्वजातीय समाज एकजुट होकर अपने अधिकारों के लिए आगे बढ़ने की जरूरत है। बैठक को जिला संरक्षक टीका सिंह सैनी जिला संगठन मंत्री राजेंद्र सैनी और अमर सिंह सैनी सहित तमाम वक्ताओं ने संबोधित किया। संचालन राजू सिंह सैनी ने किया। बैठक में ओम प्रकाश सैनी, तेज प्रकाश सैनी, सुनील सैनी, हरभजन सिंह सैनी, कृष्ण कुमार कुशवाहा, महेंद्र कश्यप, घनश्याम सैनी और खूब सिंह सैनी आदि मौजूद थे।



## नशीले इंजेक्शनों सहित नशा तस्कर को किया गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। कोतवाली बनभूलपुरा पुलिस व एसओजी ने चौंकिंग के दौरान एक नशा तस्कर को नशीले इंजेक्शनों सहित गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार प्रभारी निरीक्षक दिनेश फर्त्याल व एसओजी प्रभारी राजेश जोशी के नेतृत्व में बनभूलपुरा पुलिस टीम व एसओजी टीम द्वारा चौकिंग करने के दौरान एक नशा तस्कर समीर उर्फ चिकना पुत्र जाहिद हुसैन निवासी इन्द्रानगर मौहम्मदी मस्जिद के पास थाना बनभूलपुरा को 86 नशेले इंजेक्शन के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने बरामद इंजेक्शन कब्जे में लेकर समीर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस टीम में उप निरीक्षक मोनी टम्टा, का. दिलशाद अहमद, मौ.यासीन, भूपेन्द्र जेष्टा व सन्तोष बिष्ट शामिल थे।